दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली शुक्रवार 29 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 155 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## लखनऊ में नौसेना शौर्य संग्रहालय बनकर तैयार
### 30 मई को सीएम योगी और रक्षा मंत्री करेंगे लोकार्पण



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सीजी सिटी लखनऊ में निमार्णाधीन नौसेना शौर्य संग्रहालय (नौसेना शौर्य वाटिका) का निरीक्षण किया। 30 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि नौसेना शौर्य वाटिका सिर्फ पार्क नहीं, बल्कि यह हमारी सेना के बहादुर सेनानियों को श्रद्धांजलि देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह राजधानी वासियों के लिए राज्य सरकार का तोहफा है। आगंतुक इस संग्रहालय को देखकर नौसेना के कर्तव्य और पराक्रम पर गर्व करेंगे। गोमती पोत लखनऊ की पहचान बनेगा। साथ ही एक पर्यटन केंद्र के रूप में दर्शकों को आकर्षित करेगा। नौसेना शौर्य वाटिका का निर्माण भारतीय नौसेना और उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। यह पार्क हमारे समुद्र की रक्षा करने वाली नौसेना की वीरता, शक्ति, पराक्रम और तकनीकी दक्षता को दशार्ता है।

भारतीय नौसेना पोत गोमती 28 मई को राष्ट्र की 34 वर्षों के गौरवशाली सेवा के बाद रिटायर हो गया था। पार्क में घूमते हुए दर्शकों को वास्तविक नौसैनिक यंत्र दिखाई देंगे, जिसमें से कुछ भारतीय नौसेना पोत गोमती से संबंधित हैं।

यहां दशार्यी गई हर वस्तु समुद्र में जीवन के कई महत्वपूर्ण पहलू को दशार्ती है। इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2366.92 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई

# दो शिफ्ट में पढ़ी गई ईद की नमाज, शांति व्यवस्था रही कायम






**ईद मुबारक**

### कैला भट्टा पहुंचे एडिशनल सीपी राज करन नैय्यर और एसीपी उपासना पोडेय

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को गाजियाबाद में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस प्रशासन की सतर्कता और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के चलते पूरे जिले में त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। सुबह 7:30 बजे नमाज की पहली शिफ्ट शुरू हुई, जबकि दूसरी शिफ्ट सुबह 8:09 मिनट से आयोजित की गई। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद क्षेत्र में लगभग 300 प्रमुख स्थानों पर बकरीद की नमाज अदा की गई। इस दौरान लोग एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते नजर आए। वहीं जिले के घंटाघर ईदगाह, लोनी, मसूरी, मुरादनगर, साहिबाबाद, खोड़ा, विजयनगर, कविनगर और मोदीनगर समेत मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल, पीएसी और ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे।

### ईद पर दिखा पुलिस का मानवीय चेहरा, बच्चों को बांटी चॉकलेट




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट में ईद का त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और खुशी के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था एवं यातायात राजकरन नैय्यर ने बच्चों के साथ ईद की खुशियां साझा करते हुए उन्हें चॉकलेट वितरित की और ईद की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। अधिकारियों ने बच्चों से आत्मीय बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया। वहीं मौजूद लोगों ने भी पुलिस के इस संवेदनशील और मानवीय व्यवहार की सराहना की। इस मौके पर एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय, साइबर प्रभारी संतोष तिवारी, घंटाघर थाना पुलिस एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को ट्रॉफी भेंट करने का भावुक दृश्य देखने को मिला, जिसे देखकर हर कोई प्रसन्न नजर आया और एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देता दिखाई दिया। अधिकारियों ने सभी नागरिकों से प्रेम, शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि त्योहार समाज को जोड़ने का माध्यम हैं। गाजियाबाद पुलिस की इस पहल ने लोगों के बीच सकारात्मक संदेश देने का काम किया।

### लोनी से इको फ्रेंडली बकरीद का संदेश

करंट क्राइम : बकरीद के मौके पर लोनी क्षेत्र से सामाजिक सौहार्द और पर्यावरण संरक्षण का अनोखा संदेश देखने को मिला। विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर की अपील पर मुस्लिम समाज के लोगों ने इको फ्रेंडली ईद मनाते हुए बकरे की जगह बकरे के आकार का केक काटकर त्योहार मनाया। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी के मुस्लिम समाज ने ऐतिहासिक और अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने वाली है। मुस्लिम समाज के लोगों ने भी कहा कि त्योहार प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देते हैं। इको फ्रेंडली तरीके से ईद मनाकर समाज को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया गया है।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लिया मंत्री नरेंद्र कश्यप का इंटरव्यू
## बोले, पीडीए का मतलब बन गया पब्लिक डेवलपमेंट अथॉरिटी

### सपा में परिवारवाद और मुस्लिम तुष्टिकरण आज भी जारी : नरेंद्र कश्यप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। खास अंदाज में हुए इस इंटरव्यू में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने नरेंद्र कश्यप से मौजूदा राजनीति, सामाजिक समीकरण और प्रदेश सरकार की नीतियों को लेकर कई सवाल पूछे। दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत को लोग काफी दिलचस्प अंदाज में देख रहे हैं। इंटरव्यू के दौरान ब्रजेश पाठक ने कश्यप समाज को लेकर सवाल किया कि भाजपा सरकार ने समाज के लिए क्या कार्य किए हैं और समाज को क्या संदेश देना चाहते हैं। इस पर नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज हमेशा भारतीय जनता पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछड़े वर्ग और कश्यप समाज को जितना सम्मान दिया है, उतना पहले कभी संभव नहीं माना जाता था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। नरेंद्र कश्यप के मुताबिक आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है और सरकार पूरी पारदर्शिता व डेकोरम के साथ प्रदेश चला रही है।

### सपा का पीडीए पब्लिक डेवलपमेंट अथॉरिटी : नरेंद्र कश्यप

करंट क्राइम : इसी दौरान ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के पीडीए फामूर्ले को लेकर सवाल पूछा, जिस पर नरेंद्र कश्यप ने तंज कसते हुए कहा कि सपा का पीडीए अब एक जाति विशेष तक सीमित रह गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम अखिलेश यादव का पीडीए दरअसल पब्लिक डेवलपमेंट अथॉरिटी बनकर रह गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी सोशल जस्टिस की बात तो करती है, लेकिन उसका लाभ केवल एक वर्ग तक सीमित रहता है। मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर पूछे गए सवाल पर नरेंद्र कश्यप ने कहा कि समाजवादी पार्टी आज भी मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान की शपथ लेने वाले लोग उसी संविधान की भावना को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मंचों और भाषणों में मौलिक अधिकारों की बात होती है, लेकिन जमीनी हकीकत अलग है।

### सपा में सबसे ज्यादा परिवारवाद का खुला आरोप

करंट क्राइम : इस दौरान नरेंद्र कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग आयोग को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किए जाने और गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि करोड़ों गरीबों को राशन, आवास और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचा है। इंटरव्यू के दौरान ब्रजेश पाठक ने नरेंद्र कश्यप के राजनीतिक सफर का भी उल्लेख किया और उन्हें बड़ा जननेता बताया। इस पर नरेंद्र कश्यप ने कहा कि आजादी के बाद यदि किसी दल में सबसे ज्यादा परिवारवाद देखने को मिला है तो वह समाजवादी पार्टी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी में सांसद, विधायक, एमएलसी और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर एक ही परिवार का वर्चस्व देखने को मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी में इस बात की आशंका बनी रहती है कि कोई दूसरा नेता आगे न निकल जाए। वहीं, डॉ. राम मनोहर लोहिया के समाजवाद का जिक्र करते हुए नरेंद्र कश्यप ने कहा कि आज की समाजवादी पार्टी लोहिया के मूल विचारों से काफी दूर जा चुकी है।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष की कार्यशाला में किसी की समझ में ये नहीं आया
# जनप्रतिनिधि खुद नहीं आये या उन्हें बुलाया नहीं गया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा अपने चुनावी मिशन पर है और संगठन ये स्पष्ट कर चुका है कि प्रशिक्षण वाले शिविर से लेकर आयाम वाले किसी भी काम में कोई भी ढिलाई बरती नहीं जायेगी।

बता दिया गया है कि प्रशिक्षण शिविर में रात्रि प्रवास करना ही होगा। सांसद हो या विधायक उन्हें अपने अपने क्षेत्र में कार्यक्रमों में भाग लेना है। मंडल अध्यक्षों से लेकर बूथ अध्यक्षों तक सभी को जिम्मेदारी दी गयी है। लेकिन एक कार्यक्रम भगवागढ़ में ऐसा हुआ कि सब इस बात को लेकर हैरान कि जिस कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष पहुंचे, महानगर अध्यक्ष मौजूद हैं। जिस कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष मौजूद हैं, उस कार्यक्रम में भाजपा का कोई भी जनप्रतिनिधि क्यों नहीं पहुंचा। मॉर्डन कॉलेज में ये कार्यशाला हुई और इसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया पहुंचे। जिलाध्यक्ष चैनपाल गुर्जर पहुंचे। सीधे सीधे 2027 की तैयारी है और यहां भाजपा सबकी ड्यूटी लगा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 साल के कार्यकाल पूरा होने पर उपलब्धियां बता रही हैजनता के बीच जा रही है। रिपॉर्ट कार्ड लेकर जाना है मगर इस कार्यशाला में एक अजीब ही फसाना दिखाई दिया। कार्यशाला का पहला सत्र हुआ लेकिन इसमें विचित्र बात ये थी कि ना लोकसभा सांसद पहुंचे, ना मेयर पहुंची, ना विधायक पहुंचे। सवाल यही उठा कि आखिर ये जनप्रतिनिधि उस कार्यशाला में क्यों नही आये जिसे लेने क्षेत्रीय अध्यक्ष आये हैं। लेकिन सवाल ये भी उठा कि जनप्रतिनिधि आये नहीं या उन्हें बुलाया नहीं गया। जनप्रतिनिधियों का मॉर्डन कॉलेज वाली कार्यशाला में नजर ना आना कार्यकर्ताओं के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां चर्चा ये भी थी कि क्या जनप्रतिनिधि 2027 से पहले ही अपना टिकट कन्फर्म मानकर चल रहे हैं। क्या जनप्रतिनिधि 2027 के चुनाव से पहले ही अपनी जीत तय मानकर चल रहे हैं। बहरहाल इन सबके बीच जनप्रतिनिधियों का कार्यशाला में ना पहुंचना चर्चा का विषय बना रहा।

**क्या जनप्रतिनिधि चुनाव से पहले ही अपनी जीत तय मानकर चल रहे हैं। जनप्रतिनिधियों का कार्यशाला में ना पहुंचना चर्चा का विषय बना रहा।**



# 5 जून आखिरी तारीख, नहीं मानी मांगें तो गाजियाबाद में होगा आर-पार का आंदोलन
## राकेश टिकैत का प्रशासन को चैलेंज, बोले- किसानों पर आंसू गैस चली तो पीछे नहीं हटेंगे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** किसान नेता व राष्ट0ीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गाजियाबाद प्रशासन और प्राधिकरण के खिलाफ बड़ा मोर्चा खोलते हुए आंदोलन का ऐलान कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि 5 जून तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 6 जून से गाजियाबाद में बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशासन किसानों की आवाज को दबाने की कोशिश न करे। अगर 6 जून को भी कोई हल नहीं निकला तो आंदोलन 7 और 8 जून तक और उग्र रूप ले सकता है। राकेश टिकैत ने कहा कि अब किसान आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं और इस बार पीछे हटने वाले नहीं हैं। बीते दिनों गाजियाबाद में आयोजित विशाल किसान महापंचायत में राकेश टिकैत ने मंच से प्रशासन और अधिकारियों को खुली चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर प्रशासन किसानों पर दबाव बनाने के लिए आंसू गैस और बल प्रयोग करना चाहता है तो किसान भी संघर्ष के लिए तैयार हैं। महापंचायत में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों से किसान नेता, किसान यूनियन के पदाधिकारी और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में पहुंचे थे। सभा में किसानों ने एकजुट होकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।

### लोनी का कूड़ाघर बना बड़ा मुद्दा



करंट क्राइम : महापंचायत में लोनी क्षेत्र में प्रस्तावित कूड़ाघर का मामला सबसे ज्यादा गरमाया रहा। किसानों और स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि आबादी और खेती के बीच कूड़ाघर बनाए जाने से इलाके का वातावरण प्रदूषित होगा और लोगों का जीवन प्रभावित होगा। राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों की जमीन और गांवों को कूड़े का केंद्र बनाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि बिना ग्रामीणों की सहमति के फैसले थोपे जा रहे हैं।

### वेव सिटी और गांवों के किसानों को मुआवजे का मुद्दा भी उठा

करंट क्राइम : महापंचायत में वेव सिटी क्षेत्र के किसानों को उचित मुआवजा न मिलने का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया गया। किसानों का कहना है कि उनकी जमीनें अधिग्रहित कर ली गईं, लेकिन उन्हें आज तक न्यायसंगत मुआवजा नहीं मिला। राकेश टिकैत ने कहा कि किसान अपनी जमीन बचाने और अधिकारों की लड़ाई के लिए अब लंबा संघर्ष करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राधिकरण और प्रशासन लगातार किसानों की मांगों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

### किसानों को कमजोर समझने की भूल न करे प्रशासन : टिकैत

करंट क्राइम : राकेश टिकैत ने कहा कि किसान शांत जरूर है, लेकिन कमजोर नहीं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो गाजियाबाद में ऐसा आंदोलन होगा, जिसकी गूंज पूरे प्रदेश में सुनाई देगी। उन्होंने कहा कि किसान संगठन अब गांव-गांव जाकर लोगों को आंदोलन के लिए तैयार कर रहे हैं और आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में किसान सड़कों पर उतर सकते हैं। किसान संगठनों के आंदोलन के ऐलान के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि यदि 5 जून तक वार्ता सफल नहीं हुई तो गाजियाबाद में बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन, सड़क जाम और महापंचायतें देखने को मिल सकती हैं। अब सभी की नजर प्रशासन और किसान नेताओं के बीच होने वाली आगामी बातचीत पर टिकी हुई है।

# 'वे हमारे साथ ज्यादा समय नहीं रहते'
## वीके सिंह की भावुक पोस्ट ने छू लिए दिल
### तस्वीरें साझा कर बयां किया पेट डॉग्स से बिछड़ने का सबसे कठिन सच






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मिजोरम के राज्यपाल एवं गाजियाबाद के पूर्व सांसद रिटायर्ड जनरल वीके सिंह की एक भावुक सोशल मीडिया पोस्ट इन दिनों लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। अपने कई पेट डॉग्स के साथ तस्वीर साझा करते हुए वीके सिंह ने कुत्तों के प्रति अपने गहरे लगाव और भावनात्मक जुड़ाव को शब्द दिए, जिसे पढ़कर हजारों लोग भावुक हो उठे। वीके सिंह ने अपनी पोस्ट में लिखा कि कुत्ते हमारी जिंदगी में चुपचाप आते हैं और धीरे-धीरे हमारी जिंदगी का वह हिस्सा बन जाते हैं, जिसकी कमी हमें पहले कभी महसूस ही नहीं हुई। उन्होंने लिखा कि मुश्किल समय, अकेलेपन और भावनात्मक संघर्ष के दौरान एक डॉग बिना कुछ कहे सिर्फ साथ निभाता है और यही उसकी सबसे बड़ी खूबी होती है। उन्होंने कहा कि कुत्तों की आंखों में ऐसा अपनापन होता है, जो इंसान के भीतर के दर्द को बिना बोले समझ लेता है। पोस्ट में उन्होंने कुत्तों की वफादारी और निस्वार्थ प्रेम का जिक्र करते हुए लिखा कि एक डॉग पूरे दिन सिर्फ अपने मालिक की एक झलक पाने के लिए इंतजार कर सकता है। उन्होंने इसे दुनिया के सबसे सच्चे प्रेम की भावना बताया। वीके सिंह ने कहा कि आज की दुनिया में जहां रिश्तों में शर्तें जुड़ गई हैं, वहीं कुत्ते पूरी ईमानदारी और बिना किसी अपेक्षा के प्यार करते हैं। उन्होंने लिखा कि कुत्ते इंसान की खुशियों को अपनी खुशी की तरह महसूस करते हैं और दुख में बिना कुछ कहे साथ बैठ जाते हैं।

पोस्ट का सबसे भावुक हिस्सा वह रहा, जहां उन्होंने लिखा कि सबसे कठिन सच यही है कि वे हमारे साथ उतना लंबा समय नहीं बिताते, जितना हम चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि शायद इसी वजह से कुत्ते इंसानों को प्रेम, वफादारी, अपनापन और बिछड़ने का सबसे बड़ा सबक सिखा जाते हैं। अंत में वीके सिंह ने लिखा कि डॉग्स सिर्फ पालतू जानवर नहीं होते वे परिवार होते हैं, सुकून होते हैं, घर जैसे होते हैं और स्वर्ग का वह छोटा सा हिस्सा होते हैं, जिसे हम कुछ समय के लिए अपने पास महसूस कर पाते हैं।

**वीके सिंह ने लिखा कि डॉग्स सिर्फ पालतू जानवर नहीं होते वे परिवार होते हैं, सुकून होते हैं, घर जैसे होते हैं और स्वर्ग का वह छोटा सा हिस्सा होते हैं, जिसे हम कुछ समय के लिए अपने पास**

सोशल मीडिया पर यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। बड़ी संख्या में लोगों ने इसे बेहद संवेदनशील और दिल को छू लेने वाला बताया। पशु प्रेमियों के बीच यह पोस्ट खासा पसंद की जा रही है और लोग वीके सिंह की भावनाओं से खुद को जुड़ा हुआ महसूस कर रहे हैं। कई लोगों ने कमेंट कर लिखा कि यह सिर्फ एक पोस्ट नहीं, बल्कि उन भावनाओं की अभिव्यक्ति है जिन्हें हर पशु प्रेमी अपने दिल में महसूस करता है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
02 | शुक्रवार • 29 मई -2026








# देश में अमन की दुआओं के साथ अदा हुई नमाज

## प्रेम, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया बकरीद का त्योहार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ सहित पूरे यूपी में ईद उल अजहा का (बकरीद) का त्योहार अकीदत, उल्लास और भाईचारे के माहौल के बीच मनाया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस मौके पर अलग-अलग जिलों की ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी और एक दूसरे को मुबारकबाद दी। घरों में सेवईं और पारंपरिक व्यंजन तैयार किए गए, जबकि मेहमानों की आवभगत का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा।



लखनऊ में ऐशबाग ईदगाह में सुन्नी समुदाय की नमाज मौलाना खालिद रशीदी फरंगी महली ने अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने मुल्क और दुनिया में अमन-शांति, भाईचारे और खुशहाली की दुआ कराई। वहीं, शिया समुदाय के लोगों ने बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसफी मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की। यहां भी मुल्क की तरक्की, अमन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं।

नमाज से पहले मुस्लिम धर्मगुरुओं ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार त्याग, इंसानियत, भाईचारे और अल्लाह की राह में कुर्बानी का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अमन, मोहब्बत और सादगी के साथ पर्व मनाने तथा जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की।

पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। मस्जिदों और ईदगाहों के बाहर पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा, जिससे पूरे जिले में शांतिपूर्ण माहौल बना रहा।

नमाज के बाद शहरभर में कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया। लोगों ने घरों में कुर्बानी कर सुन्नत अदा की। घरों में तरह-तरह के पकवान बने और लोगों ने एक-दूसरे को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी।

### टीले वाली मस्जिद में अदा की गई नमाज

लखनऊ की टीले वाली मस्जिद में नमाज अदा की गई। सभी ने देश में खुशहाली, तरक्की और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई और ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई।

**बहराइचः ईदगाह और मस्जिदों में अकीदत के साथ पढ़ी गई बकरीद की नमाज :** बहराइच जिले में बृहस्पतिवार को अकीदत के साथ ईद-उल-अजहा की नमाज विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में अलग-अलग समय पर पढ़ी गई। लोगों ने नमाज अदा करते हुए देश में अमन व भाईचारे की दुआ मांगी। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप को देखते हुए इस बार बकरीद की नमाज का समय सुबह 5:30 बजे से निर्धारित किया गया था। ऐसे में नमाज अदा करने के लिए सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाह में भीड़ उमड़ने लगी। शहर के मरकजी ईदगाह सलारगंज में सबसे बाद में नमाज सुबह 9 बजे अदा की गई।



**पुलिस और जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया :** नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग कब्रिस्तानों में पहुंचे और अपने पूर्वजों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर दुआ की। वहां से लौटने के बाद घरों में कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ।

पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि मस्जिदों और ईदगाहों के बाहर पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा, जिससे पूरे जिले में शांतिपूर्ण माहौल बना रहा।



**अयोध्याः ईदगाह में अदा करने पहुंचे लोग, सुरक्षा के किए गए इंतजाम :** अयोध्या जिले में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह सात बजे से विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की गई। शहर में मुख्य नमाज सिविल ईदगाह में सुबह 8:00 बजे अदा की गई। नमाज की इमामत करते हुए अमन-चैन व भाईचारे की दुआ कराई गई। हजारों लोगों ने एक साथ हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और भाईचाई की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। गर्मी को देखते हुए ईदगाह के बाहर नमाजियों के साथ साथ राहगीरों के लिए शरबत और ठंडे पानी का इंतजाम किया गया।

**गोंडाः ईदगाह में जगह कम पड़ने पर छतों पर अदा की गई नमाज –** गोंडा जिले में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार शनिवार को पूरे उत्साह, उल्लास और भाईचारे के माहौल में मनाया गया।

### ईद-उल-अजहा पर राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने दी मुबारकबाद, बोले- समाज में भाईचारा और खुशियां बढ़ें



नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद–उल–अधा (बकरीद) के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा ₹ईद–उल–अधा की हार्दिक शुभकामनाएं! ईश्वर करे कि यह अवसर हमारे समाज में भाईचारे और खुशियों की भावना को और गहरा करे। सभी की सफलता और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना।₹ बता दें कि आज देश में मुस्लिम समुदाय पूरे हर्षोल्लास से बकरीद का पर्व मना रहा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद समेत देश के सभी शहरों की मस्जिदों में नमाज अदा की जा रही है। बकरीद (ईद–उल–अधा) के उत्सव के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक जैसे प्रमुख राज्यों में सुरक्षा व्यवस्था टाइट की गई है। कानून व्यवस्था और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन निगरानी, यातायात में बदलाव और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी जैसे उपाय किए गए हैं। इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी ने महान एनटीआर गारू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा ₹जन कल्याण और शासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा, जिसने गरीबों और वंचितों के लिए सम्मान सुनिश्चित किया। सिनेमा में उनका योगदान पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध करता रहेगा। उनका जीवन और आदर्श अपार प्रेरणा का स्रोत हैं। मेरे मित्र चंद्रबाबू नायडू गारू के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश की एनडीए सरकार, जनता के लिए उनके द्वारा संजोए गए सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।₹ पीएम मोदी ने वीर सावरकर जयंती पर दी श्रद्धांजलि : पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखते हुए कहा ₹महान क्रांतिकारी और प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक वीर सावरकर जी को उनकी जयंती पर सादर नमन!वीरता और बौद्धिकता से भरा उनका व्यक्तित्व देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

## सिद्धारमैया ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा, विधायक दल की बैठक आज




**बंगलूरू।** कर्नाटक में सत्ताधारी कांग्रेस सरकार में आज बड़ा बदलाव हो गया है। सीएम सिद्धारमैया ने आज सीएम पद से इस्तीफा दे दिया हैं और उनकी जगह डीके शिवकुमार को अगला सीएम बनना तय माना जा रहा है। सिद्धारमैया ने राज्यपाल कार्यालय पहुंचकर अपना इस्तीफा दिया। अब कल कांग्रेस विधायक दल की बैठक में अगले सीएम के चुनाव की औपचारिकता होगी।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सीएम पद से इस्तीफे की चचाओं के बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में सिद्धारमैया ने कहा, राज्य के सभी समुदायों की सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति की व्यापक जानकारी जुटाने के उद्देश्य से उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में पिछड़ा वर्ग आयोग को सामाजिक और शैक्षणिक सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया था। हालांकि बाद की सरकारों ने इस रिपोर्ट को स्वीकार करने से परहेज किया, जिसके कारण करीब एक दशक पुराना यह सर्वे लागू नहीं हो सका। दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने अधिक वैज्ञानिक तरीके से नई जनगणना कराने के निर्देश दिए थे।

सिद्धारमैया ने कहा, 'आज मैंने सामाजिक और शैक्षणिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट को बेहद संतोष के साथ स्वीकार किया है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यह रिपोर्ट सामाजिक न्याय को लागू करने में मार्गदर्शक साबित होगी।' इस अवसर पर कई कैबिनेट सहयोगी, मुख्यमंत्री के कानूनी सलाहकार ए.एस. पोनन्ना, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष मधुसूदन आर. नाइक, आयोग के सदस्य, अधिकारी और अन्य विशेषज्ञ मौजूद रहे।

**डीके शिवकुमार के समर्थकों में खुशी की लहर**

डीके शिवकुमार को सीएम बनाए जाने की खबरों के बीच उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। डीके शिवकुमार के बंगलूरू स्थित आवास के बाहर उनके समर्थकों ने मिठाईयां बांटकर खुशियां मनाईं। बंगलूरू के पूर्व मेयर आर संपत भी डीके शिवकुमार के आवास के बाहर पहुंचे और समर्थकों संग खुशियां मनाईं।

**विपक्ष ने साधा निशाना :** विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कर्नाटक में जारी घटनाक्रम पर चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य की जनता वहां हो रहे राजनीतिक घटनाक्रमों पर पैनी नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को कन्नड़ भाषी लोगों के धैर्य को कमजोरी नहीं समझना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि सत्ताधारी दल के आंतरिक संघर्षों में उलझे रहने के कारण विकास, जन कल्याण, किसानों की चिंताएं और युवाओं का भविष्य सब हाशिये पर चले गए हैं।

अशोका ने कांग्रेस के भीतर कथित 'सत्ता-साझाकरण व्यवस्था' को पूरी तरह से राजनीतिक तमाशा बताया और आरोप लगाया कि इस आंतरिक कलह ने प्रशासन को पंगु बना दिया है और देश के समक्ष कर्नाटक की छवि को धूमिल किया है। उन्होंने आगे कहा कि विधान सौधा अब शासन केंद्र के रूप में कार्य नहीं कर रहा है, बल्कि राजनीतिक समीकरणों और अस्तित्व की लड़ाई का मैदान बन गया है।

## हिरासत में ली गईं गिरिबाला सिंह? रात में रद्द हुई थी अग्रिम जमानत, सुबह से पूछताछ कर रही थी सीबीआई

**भोपाल।** बहुचर्चित त्विषा शर्मा दहेज मौत मामले में गुरुवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सेवानिवृत्त जिला जज गिरिबाला सिंह को भोपाल स्थित उनके घर से हिरासत में ले लिया। सीबीआई की टीम भारी पुलिस बल के साथ सुबह कटारा हिल्स स्थित उनके निवास पहुंची। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके में बैरिकेडिंग कर आम लोगों की आवाजाही सीमित कर दी गई।




यह कार्रवाई मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा एक दिन पहले गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द किए जाने के बाद की गई। त्विषा शर्मा की 12 मई को भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उनकी शादी 9 दिसंबर 2025 को समर्थ सिंह से हुई थी। गिरिबाला सिंह ने घटना के दो दिन बाद भोपाल जिला अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। 10वें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने 15 मई को उनकी उम्र और मृतका को किए गए पैसों के ट्रांसफर का हवाला देते हुए जमानत दे दी थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने बुधवार को 17 पन्नों के आदेश में इस जमानत को निरस्त कर दिया।

न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा ने कहा कि निचली अदालत ने महत्वपूर्ण तथ्यों पर पर्याप्त विचार नहीं किया। अदालत ने माना कि व्हाट्सएप चैट और मृतका के परिजनों के बयानों से आरोप केवल पति समर्थ सिंह तक सीमित नहीं हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि दहेज प्रताड़ना और क्रूरता के आरोपों की गहन जांच आवश्यक है। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि त्विषा के शरीर पर फांसी के अलावा छह से सात अन्य चोटों के निशान मिले थे, जिनमें हाथ, उंगली और सिर की चोटें शामिल थीं। बाद की रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि ये चोटें शव उतारने या अस्पताल ले जाने के दौरान नहीं लगी थीं। त्विषा के परिवार ने आरोप लगाया है कि गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह ने त्विषा को प्रताड़ित किया और गर्भपात के लिए दबाव बनाया। अदालत ने माना कि त्विषा का गर्भपात होना एक स्वीकार तथ्य है।

त्विषा के पिता के वकील ने अदालत में तर्क दिया कि गिरिबाला सिंह, जो साइबर फॉरेंसिक और क्राइम सीन मैनेजमेंट में प्रशिक्षित पूर्व न्यायिक अधिकारी हैं।

## धार्मिक स्थल परिसर में कुर्बानी को लेकर हंगामा

**मेरठ।** मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र में धार्मिक स्थल परिसर के पास कुर्बानी को लेकर हंगामा हो गया। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और माहौल शांत कराने के बाद आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने पहुंची। बताया गया कि धार्मिक स्थल के आसपास कुर्बानी को लेकर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग मौके पर जमा हो गए। देखते ही देखते माहौल गरमा गया और हंगामा शुरू हो गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नौचंदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

पुलिस ने मौके से कुछ लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए थाने ले गई। घटना के बाद क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हंगामे के बाद इलाके में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है।

**'उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो'**

## मशहूर शायर बशीर बद्र नहीं रहे 91 की उम्र में भोपाल में निधन




**भोपाल।** शायरी की दुनिया ने गुरुवार को अपना एक और सितारा खो दिया। अजीम शायर बशीर बद्र नहीं रहे। 91 बरस की उम्र में उन्होंने भोपाल में आखिरी सांस ली। वो पिछले कुछ समय से डिमेंशिया से जूझ रहे थे। उनकी रुखसती से साहित्य जगत शोक में है। बशीर बद्र ने कई दशकों तक मुशायरों में हिस्सा लिया और अपनी अलग तरह की शायरी और लफ्जों की वजह से लोकप्रिय रहे।

बशीर बद्र के निधन पर जाने-माने गीतकार और शायर जावेद अख्तर ने भी शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि उर्दू आज और गरीब हो गई। नायाब शायर बशीर बद्र ने हमेशा के लिए रुखसत ले ली। उनकी शायरी हमारी यादों में हमेशा ताजा रहेगी। अयोध्या में हुआ था जन्म, अलीगढ़ मुस्लिम विवि से प्राप्त की थी उच्च शिक्षा

बशीर बद्र (पूरा नाम सैयद मोहम्मद बशीर) उर्दू साहित्य के बेहद लोकप्रिय शायर थे।

## ईद की नमाज के बाद हत्या बच्चों की लड़ाई में खूनी संघर्ष

**वारदात**

**उपचार के दौरान युवक की मौत हो जाने से गांव में तनाव फैल गया**



**मथुरा।** मथुरा के कोसीकलां के गांव नगला मेव में ईद की नमाज अदा करके लौट रहे बच्चों के बीच हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान युवक की मौत हो जाने से गांव में तनाव फैल गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया और हालात को नियंत्रित किया। एहतियात के तौर पर गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

गांव निवासी आसू और उसका भाई नबाव के बच्चे गांव में नमाज अदा करके वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में इदरीश के बच्चों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बच्चों के बीच शुरू हुआ विवाद धीरे-धीरे बढ़ गया। दोनों पक्षों के बच्चों ने घर पहुंचकर अपने-अपने परिजनों को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। बच्चों के विवाद की सूचना मिलते ही दोनों पक्षों के लोग एकत्र होने लगे। देखते ही देखते करीब 10 से 15 लोग आमने-सामने आ गए। पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और उसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया।

## 72 वर्षीय महिला का बिना ओपन हार्ट सर्जरी बदला हृदय वाल्व

**फरीदाबाद।** एक निजी अस्पताल में 72 वर्षीय महिला मरीज का ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) कर नया हृदय वाल्व सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया। डॉक्टरों के अनुसार मरीज गंभीर हार्ट फेल्योर की स्थिति में अस्पताल पहुंची थीं और उनका हृदय केवल 20 प्रतिशत तक काम कर रहा था। जांच में एओर्टिक वाल्व के अत्यधिक संकुचित होने की पुष्टि हुई।

परिजनों ने कई जगह ओपन हार्ट सर्जरी के लिए सलाह ली, लेकिन अधिक जोखिम के कारण सर्जरी से इनकार कर दिया गया।

इसके बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने टीएवीआर प्रक्रिया अपनाने का निर्णय लिया। करीब 50 मिनट चली इस जटिल प्रक्रिया में बिना बेहोश किए नया वाल्व प्रत्यारोपित किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि टीएवीआर एक न्यूनतम इनवेसिव तकनीक है, जिसमें कैथेटर के जरिये नया वाल्व हृदय तक पहुंचाया जाता है।

## भीषण गर्मी से त्रस्त दिल्ली-एनसीआर : रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच आईएमडी ने जारी किया बारिश का अलर्ट

**राहत के आसार**

**आईएमडी का अनुमान है कि 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी**




**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी से त्रस्त दिल्ली-एनसीआर की जनता को राहत मिलने वाली है। मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में बारिश को लेकर भविष्यवाणी की है। सूरज की तपिश को बाय-बाय करने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि अगले कुछ घंटों में एनसीआर के इलाकों में रिमझिम बारिश होने वाली है।

मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली को लेकर दिए अनुमान में बताया है कि 28 मई को दोपहर में बारिश के साथ आंधी-तूफान का येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार गुरुवार को दोपहर में मौसम अचानक करवट लेगा। इस दौरान धूल भरी आंधियां चलेंगी। आसमान में बिजली कड़केगी। हल्की बारिश होगी।

आईएमडी का अनुमान है कि दोपहर से लेकर शाम तक 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। शाम को भी कुछ इलाकों में रिमझिम बारिश हो सकती है। हालांकि दोपहर से पहले तक गर्मी रहेगी। अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ज्यादा ही रहेगा। हालांकि मौसम बदलने के बाद तापमान में भी गिरावट आएगी और लोगों को राहत महसूस होगी। गौरतलब है कि मई के महीने में गर्मी लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच चुका है। 28 मई 2026 की सुबह 8:30 बजे तक की स्थिति बेहद चिंताजनक है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 44 से 45.6 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। सबसे गर्म रिज क्षेत्र रहा, जहां पारा 45.6 डिग्री तक पहुंच गया। सफदरजंग में 44.3 डिग्री और पालम में 44.6 डिग्री तापमान रहा। न्यूनतम तापमान भी 26.5 से 28.4 डिग्री के बीच रहा, जिसकी वजह से सुबह से ही उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 29 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

**Pankaj Bhardwaj** is with **पंकज भारद्वाज**.
4h

आज बालाजी महाराज मेहंदीपुर (राजस्थान) के दर्शन कर सभी के मंगलमय जीवन की कामना की

जय जय श्री राम
बालाजी महाराज की जय



# जब करंट क्राइम ने रखा अपने पाठकों के सामने सड़क पर कूड़ा फेंकने का सवाल

## पाठकों ने खोली दिल की बात और बताया अलग-अलग तरीकों से इस सवाल का जवाब




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम अपने पाठकों के लिए सोशल मीडिया पर भी सवाल रखता है। ये सवाल राजनीति से जुड़े होते हैं। ये सवाल आम जिंदगी से जुड़े होते हैं। ये सवाल कई बार व्यक्तिगत अनुभवों से भी जुड़े होते हैं। दैनिक करंट क्राइम ने अपने पाठकों के सामने ये सवाल रखा कि क्या आपने कभी सड़क पर कूड़ा फेंका है। पाठकों को जवाब देने में सहजता महसूस हो और वो सरल तरीके से इस सवाल को लें इसके लिए करंट क्राइम ने ये भी लिखा कि हां मैंने फेंका है। सवाल कूड़े का था और इस सवाल पर पाठकों ने अपनी अलग अलग प्रतिक्रियायें दीं। राजनीति से दूर सामाजिक प्रतिबद्धताओं से दूर एक निजि सवाल को लेकर बड़ी सफाई के साथ पाठकों ने कूड़े के इस सवाल पर अपनी राय दी। किसी ने कहा कि हां ऐसा हुआ है तो किसी ने कहा कि नहीं उसने कभी ऐसा नहीं किया है। इस हां और ना के बीच कई रोचक प्रतिक्रियायें भी सामने आयीं। कूड़े को लेकर नागरिक जागरूकता का भी पता चला? स्वच्छता अभियान ने आम नागरिक के जीवन पर कितना असर डाला है इसका पता भी इस सवाल के जरिये चला। सवाल का उद्देश्य भी पाठकों के साथ किसी भी विषय पर अपनी राय को साझा करना था। सभी पाठकों ने अपनी राय रखी और अपने विचारों से अवगत कराया।

**निधि विश्वकर्मा**
फेंकना पड़ता है जब दूर दूर तक कोई डस्टबिन नजर नहीं आता है। कई बार तो में कूड़े को घर तक लाकर घर के डस्टबिन में डालती हूं पर ऐसा हर बार करना संभव नहीं होता और कई बार में सोसाइटी में इधर उधर पड़ा कूड़ा खुद ही उठाकर डस्टबिन में डालती हूं।

**अनु चौधरी**
एक बार फेंका था गोवा में एक टॉफी का रैपर मेरे बेटे ने 10 किलोमीटर मेरी गाड़ी का पीछा करके रैपर वापस हमें मिला था उसे दिन हमने कसम खाई थी कि कभी भी हम अपने शहर को गंदा नहीं करेंगे।

**प्रवीण बत्रा**
बचपन में कूड़ा फेंक देते थे। लेकिन जब से समझ आई ऐसी कोशिश नहीं करते कूड़ा फेंके। मैं तो कई बार चीज खाने के बाद रैपर को अक्सर अपनी जेब में रख लेता हूं फिर उचित जगह पर ही डालता हूं।

**कुंजन पंडित**
कैलाश नगर में कोई भी जानवर जिसकी डेथ हो जाती थी सभी को वहाँ के खेतों मे नमक खरीदकर पैसे मिलाकर दफनाया जरूर है। यह लगभग सन 1999 के आसपास।

**विकास माथुर**
हमारे वार्ड नं 64 गरिमा गार्डन में डोर टु डोर दो दो बार गाड़ी अति है फिर भी लोग खाली प्लॉट मैं कूड़ा डालते हैं जब से 2023 निगम चुनाव हुए हैं जब से गरिमा गार्डन में रास्तों में भी नालियों का पानी भरा रहता है।

**मौ. युनुस कुरैशी**
पहले फेकते थे लेकिन अब नहीं। अब नगर निगम की कुडा उठाने वाली गाड़ी आती है।

**सुनीता चौहान**
नहीं हमने कभी नहीं डाला हम तो बाहर भी कहीं जाते हैं तो गाड़ी में एक जगह इकट्ठा करके अपने घर के कूड़ेदान में डालते हैं और गाड़ी आती है उसमें डालते हैं।

**अकरम खान**
हमने ना पहले फेंका और ना अब फेंकते हैं और नगर निगम की गाड़ी खुब फेंकती है सड़कों पर।

**शौभा चौधरी**
भईया सबने फेंका होगा कभी ना कभी बता नहीं रहे सब।

**विनोद कर्दम**
घर के बाहर कूड़ा दान बना हुआ था उसमें खोदा डालते थे लेकिन उसमें भी कुछ आस-पास के लोग डालने लगे और कूड़े दान के बाहर भी कुड़ा डालने लगे तब से हमने कूड़ादान बंद कर दिया अब नगर निगम की गाड़ी आती है उसी में डालते हैं।

**अजय चौधरी गुलिया**
कभी नहीं, हमने हमेशा स्वच्छता का ध्यान रखा है। खुले में कूड़ा डालने से पशुओं को बहुत नुकसान होता है और बीमारियां फैलती हैं।

**मीना कौशिक**
कूड़ा हटवाने पर तुम लोग मुझसे नाराज हो जाते हैं आपके पास अगर न्यूज भेज देता हू तो प्रतिनिधि भी नाराज हो जाते हैं। मेरी सड़कों पर तो वैशाली में अभी भी सड़क धंस गई है लेकिन कूड़ा नहीं हटा। क्या करें कूड़े की समस्या तो नाक में दम करके रखती है। विकास के हमारी जनता और प्रतिनिधि इस बारे में सोचें कि यह सड़कें हमारी प्यारी सड़कें हैं हम ही क्यों इन पर दुश्मनी के साथ गंदगी देख कर चले जाते हैं। स्वच्छ और स्वस्थ भारत के लिए मैं उन लोगों का धन्यवाद देता हूं जो सड़कों पर गंदगी ना देखना चाहते हैं ना फेंकते हैं और जो फेंकते हैं सोचती हूं भगवान उन्हें बुद्धि दे।

**कुलदीप कुमार**
यूपी एसआई भर्ती में बड़ा गड़बड़ घोटाला हुआ है, नॉर्मलाइजेशन के नाम पर किसी बच्चे के नंबर नहीं दिखाए जा रहे हैं किस को कितना नॉर्मलाइजेशन मिला है यह भी नहीं बता रहे है, बहुत से बच्चों के नॉर्मलाइजेशन के नाम पर 30/35 नंबर बड़ा दिए हैं,जिनको लिस्ट में सलेक्ट करना था,और सेम शिफ्ट और कैटिगिरी दूसरे बच्चों को नॉर्नलाइजेशन नहीं दिया है, इसमें भर्ती बोर्ड ने बड़े वाला गेम खेला है। इसीलिए भर्ती बोर्ड किसी भी बच्चे का स्कोर कार्ड नहीं दिखा रहा है, इससे पिछली यूपी पुलिस की भर्ती में जब बच्चे कोर्ट चले गए थे तब भर्ती बोर्ड ने रिटेन में बोला था कि भर्ती के लास्ट में सभी बच्चों के नंबर सार्वजनिक कर दिए जाएंगे, यूपी पुलिस 60233 वाले बच्चे ट्रेनिंग भी करके आ गए है लेकिन भर्ती बोर्ड ने आज तक स्कोर नहीं बताया है, क्योंकि अगर स्कोर बता दिया भर्ती बोर्ड की सारी पोल खुल जाएगी, भाटी जी, आपसे अनुरोध है एक पोस्ट इसके लिए भी डाल दो, 10/11 लाख बच्चे बहुत दुखी है, भर्ती बोर्ड नॉर्मलाइजेशन के नाम पर बच्चों के साथ अत्याचार कर रहा है लूट मचा रखी है इन्होंने, योगी जी के नाम को बर्बाद करने पर तुले हुए है कुछ अधिकारी।

**हरीश चावला**
बचपन में फेंका हो तो फेंका हो वैसे तो साफ सफाई का ध्यान ही रखा है।

**वरुण त्यागी**
आज तक नहीं।

**आदिल लाला**
कभी नहीं।

**आशा पवार**
2014 से पहला खूब फेंका है। 2014 के बाद ही तो पता चला के स्वच्छता केवल घर के अंदर ही नहीं अपनी आस-पास भी रखनी चाहिए हमें सिखाया मोदी जी ने स्वच्छता अभियान चलाकर।

**विवेक तोमर**
बहुत बार फेंका है गलती से कभी-कभी अब भी फेंक देते हैं फिर याद आता है यार गलत किया।

**विष्णुदीप गर्ग**
मैंने सड़क पर कूड़ा फेंकने वालों को फेंका है।

**मीरा सिंह**
कई बार...............पर अब सुधर बच्चे सुधर गये हैं।

**अनीता राणा**
नहीं, मैंने कभी नहीं डाला। मुझे स्वच्छता बहुत पसंद है। हम एक बार मथुरा गए थे। नया-नया यमुना एक्सप्रेसवे हमने रास्ते में केले खाए थे और मैं वह छिलका हाथ में लिए लिए मेरे पास पॉलिथीन नहीं था तब मेरा मजाक उड़ा रहे थे गाड़ी में लेकिन मैं दिल्ली तक आई हाथ में छिलका लिए और जब मुझे डस्टबिन देखा तभी मैंने छिलका फेंका बाद में सभी ने मेरी सराहना किया कि ऐसा अगर जज्बात है दिल में तो यह बहुत अच्छी बात है इतना साफ सुंदर सड़क देखकर हिम्मत नहीं पड़ी थी इस पर मैं कूड़ा फेंक दूं।

**विकास सिंह महरोली**
भैया कभी कभी पानी की खाली बोतल तक डाल देता था पर अब नहीं फेकता हूँ।अब स्वच्छ भारत अभियान रखता हूं।

**जग्गी भाई**
शाम के टाइम शहर के कुछ अमीर लोग गाड़ी में खाते पीते हैं और खाने के बाद प्लेट सड़क पर फेंक देते हैं प्लास्टिक की प्लेट प्लास्टिक की बोतल।

**प्रेम प्रकाश**
आज के समय में भी जो सरकार को सपोर्ट करते हैं वही भक्त संध्या होते ही और रात के अंधेरे में पुरानी परंपरा पर चल रहे हैं। दीपक भाटी जी विश्वास ना हो तो रात्रि 9:00 बजे और 11:00 के बीच में तक आप खुद सर्वे कर सकते हैं सड़कों पर कहां-कहां कूड़ा पड़ा है और पड़ा रहता है और जग्गी भाई की बात से मैं बिल्कुल सहमत हूं।

**सुनील चौधरी खोखर**
पहले अधिकतर लोग कूड़ा फेंक देते थे लेकिन जब से सरकार कूड़ा को लेकर सख्त हुई है जुर्माना लगाया है तब से लोग सजग हो गए हैं।

**विनीत शर्मा**
बहुत बार फेंका है, परंतु अब संकोच होता है, इसलिए फेंकना बंद कर दिया है।

**संजीव झा**
हाँ फेका है कई बार गाडी से लेकिन फिर मेरा बेटा बेटी मेरे साथ कुछ खाया और मैंने आइसक्रीम थी शायद मैंने रेपर बाहर फेंक दिया। बेटा बेटी एक साथ बोले पापा मोदी जी के अभियान में चार चाँद लगाओगे बात 2019 अक्टूबर की थी। मैंने झूठ कहा साइड में डस्ट बीन था बच्चों ने कहा हाँ दिखाना जरा मैंने बात उस समय हस के टाल दी पर एक चीज समझ आयी पॉजिटिव चीजें आज कल के जेन जी कितना समझते और फॉलो करते है बच्चे भी मोदी जी को आत्मसाथ करते है पर इसके बाद जब भी कूड़ा बाहर गाडी से फेकने का मन में खयाल आता है बच्चो की बात और मोदी जी सामने आ जाते है अब आदत छूट चुकी है पर गाडी गन्दी रहने लगी।

**महीपाल सिंह रावत**
मैंने कभी भी सड़क पर कूड़ा-कचरा नहीं फेंका और न ही गंदगी फैलाने का कार्य किया है। बल्कि जो लोग कचरा फैलाते हैं, उनसे कई बार हमारा विवाद और बहस भी हुई है। हम केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान शुरू होने से पहले से ही स्वच्छता अभियान से जुड़े हुए हैं और सदैव स्वच्छता बनाए रखने हेतु लोगों को भी जागरूक एवं प्रेरित करते रहे हैं। हमारा उद्देश्य हमेशा अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ बनाए रखना रहा है तथा आगे भी हम इसी प्रकार जनहित और स्वच्छता से जुड़े कार्यों में अपना योगदान देते रहेंगे।

**चौधरी उदयवीर सिंह**
कभी नहीं डाला।

**संजय त्यागी**
भैया हमारे वार्ड में तो दो-दो बार गाड़ियां जा रही हैं लोग लेकिन लोग आदत से मजबूर हैं सुबह गाड़ी जाएगी जब नहीं डालेंगे लेकिन जब ड्यूटी के लिए जाएंगे तो स्कूटी साइकिल कर में घर का कूड़ा रख लेंगे और सड़क पर नाली में नाले मेंकहीं भी फेंक देंगे बहुत जागरूक कर रहे हैं बार-बार अपील कर रहे हैं लेकिन कहीं कुछ सुधार नहीं दिख रहा।

**भूषण शर्मा**
बिल्कुल फेंका है भईया ऐसा भला आदमी नहीं कोई जिसने न फेंका हो आज भले बन रहे हैं और में तो गाड़ी से आज भी फेंक देता हू सच कहता हू ।

**रंजना अग्रवाल**
नो नेवर।

**रविंद्र चौधरी**
हमने ना पहले फेंका और ना अब फेंकते हैं और नगर निगम की गाड़ी खुब फेंकती है सड़कों पर।

**मितेश जे.प्रजापति**
वार्ड 8 में गाड़ी नहीं आती है तो लोग क्या करेंगे।

**विनीता पाल**
पहले तो डाला होगा। लेकिन अब भैया हम तो डेस्टविन में डालते हैं। सच्ची बात कहू आदत से मजबूर लोग नालियों में कूड़ा डालते हैं।

**राकेश कुमार**
यहां पर किसी ने नहीं फेंका कभी वो तो मैंने अकेले ने ही शुद्ध भारत में कूड़ा फैलाया है जगह जगह जा कर बाकी सब कूड़ा कूड़ेदान में ही डालते हैं।

**विरेन्द्र कुमार कंडेरे**
बहुत-बहुत बधाई सर आपने सफाई का मुद्दा उठाया। समय के साथ इंसान को अपनी आदतें बदल लेनी चाहिए।

**नीता बोध**
मैंने अपनी लाइफ में कभी सड़क पर कूड़ा नहीं फेंका।

# सुना है विधायक जी करा रहे हैं फिर से एक बड़ी कथा निकल चुके हैं समर्थक और द्वारकाधीश है पता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवागढ़ के एक विधायक जी काफी धार्मिक हैं। धर्म और राजनीति का कनैक्शन ऐसा है कि पद पर सलैक्शन हो तो भी और टिकट के साथ इलैक्शन हो तो भी विधायक जीकथा जरूर कराते हैं। कभी मंदिर पहुंच जाते हैं , कभी पहाड़ों मे आ जाते हैं और उनका मन कथा में लगता है और कथा उन्हें रास भी आती है। ये ईश्वर की कृपा है कि कथा कराने से विधायक जी के सारे पॉलिटिकल अरमान पूरे हो जाते हैं। एक बार फिर विधायक जी कथा कराने जा रहे हैं।

धार्मिक टूर की बात ये है कि विधायक जी को कई सौ किलोमीटर भी दूर नहीं लगते हैं। बड़ी बात ये है कि विधायक जी कोई भी कथा अकेले नहीं सुनते हैं। कथा के लिए समर्थक वो अपने साथ लेकर जाते हैं।

कुछ समर्थक कथा का पता चलते ही अपने आप लोकेशन पर पहुंच जाते हैं। विधायक जी का भी एक अंदाज है कि वो भक्ति करें तो भी अपनी शक्ति जरूर दिखाते हैं और अगर वो राजनीतिक कार्यक्रम करें तो भी समर्थक जरूर आते हैं। सूत्र बताते हैं कि विधायक जी की कथा आज कल कभी भी हो सकती है। विधायक जी के समर्थक भी निकल चुके हैं। ये लोकेशन द्वारकाधीश की है और यहां कथा सुनने वालों में मंडलअध्यक्ष भी शामिल है, कथा सुनने पार्षद जी भी जा रहे हैं।

द्वारकाधीश की ये कथा कितने दिन की होगी और यहां कौन कौन स्टे करेगा इसका भी पता चल जायेगा। विधायक जी कथा करा रहे हैं तो सब इसके प्रयोजन भी तलाश रहे हैं। क्योंकि वृंदावन में कथा कराई थी तो राजनीतिक हसरत पूरी हो गयी थी। फिर भगवान भोलेनाथ के दर पर कथा का हवनकुंड आया तो विधानसभा जाने का मौका मिला। अब एक बार फिर विधायक जी द्वारकाधीर जा रहेहैं तो इस आयोजन के पीछे का मकसद लगाया जा रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि कथा द्वारकाधीश में होगी और मन्नत लखनऊ से पूरी हो जायेगी। विधायक जी चाहते हैं कि उन्हें प्रदेश वाली टीम में भी लिया जाये। इसके लिए वो भक्तिभाव के साथ कथा की शरण में हैं। मोर्चे का स्टेट हैड भी बनाया जा सकता है और कोई बड़ी जिम्मेदारी भी मिल सकती है। फिलहाल विधायक जी अपने समर्थक टोले के साथ द्वारकाधीश की लोकेशन पर नजर आ रहे हैं।

# दिल की धड़कनों ने बढ़ा दी घबराहट, पार्षदों ने उठायी इन्शयोरेंस की आवाज
## पार्षद बोले, पता नहीं किसकी लगी है नजर, होनी चाहिए हमारी भी केयर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम के 100 वार्ड हैं लेकिन स्थिति भाजपा के पार्षदों की हार्ड हो रही है। पार्षदों को अचानक दिल से जुड़ी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। कहानी गम्भीर है और किस्से काकरंट ये है कि पार्षदों से लेकर पार्षद की पत्नी के स्टंट डल गये हैं।

पार्षद वेलफेयर फंड की आवाज उठ गयी है और पार्षद अब ये लिख रहे हैं कि पता नहीं किसकी नजर लग गयी है।

भाजपा के पार्षद हिमांशु शर्मा को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। भाजपापार्षद देवनारायण शर्मा को भी सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया, ये मामला भी हार्ट अटैक का निकला। उनकी पत्नी भी अस्पताल में भर्ती हैं। अब लाजपत नगर के पार्षद मदन राय को हार्ट अटैक आ गया है। उन्हें उपचार के लिए तत्काल ही भर्ती कराया गया है। पार्षद हिमांशु शर्मा ने पार्षद एकता नगर निगम ग्रुप पर लिखा भी कि पता नही किसकी नजर लग रही है। भगवान इस संकट को समाप्त करे।



### क्यों खर्च नहीं हो रहे पार्षद वेलफेयर फंड में रखे 25 करोड़ रूपये : नीरज गोयल



करंट क्राइम। भाजपा पार्षद नीरज गोयल ने ये सवाल उठाया कि आखिर नगर निगम पार्षदों का मैडिकल हैल्थ इंश्योरेंस क्यों नहीं करवाता है। उन्होंने कहा कि निगम के खाते में पार्षद वैलफेयर के लिए 25 करोड़ रूपये मौजूद हैं। इस राशि का एक रूपया भी किसी पार्षद के कल्याण के लिए खर्च नहीं हुआ है। पार्षदों को दिल के दौरे पड़ रहे हैं और उनकी केयर नहीं हो रही है। बिना वेतन और भत्ते के पार्षद काम करते हैं लेकिन आज जब उनकी हैल्थ की बात है तो कोई नहीं बोल रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो पार्षदों का दस लाख रूपये का हैल्थ बिमा होना चाहिए। यदि किसी पार्षद की मृत्यु हो जाती है तो उसके परिजनों को एक करोड़ रूपये का मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने लिखित में बोर्ड की बैठक में पत्र दिया था। ये पार्षद वैलफेयर की राशि है और पार्षदों पर खर्च होनी चाहिए।

### हम नहीं है किसी के गुलाम, हमें देखने भी कोई नहीं आया

करंट क्राइम। पार्षद एकता ग्रुप पर हार्ट वाली समस्या को लेकर हार्ट के भाव सामने आये। पार्षद हिमांशु शर्मा ने लिखा कि हम किसी के गुलाम नहीं है, ना किसी के टुकड़ों पर पल रहे हैं, हम स्वाभिमानी हैं। जो हमारा नहीं हम उसके नहीं। हम अपने दम पर जीतकर आये हैं। सबसे दुभार्गयपूर्ण बात ये है कि अस्पताल में भर्ती इन पार्षदों को देखने के लिए किसी के पास समय नहीं है ना फोन करने का समय है। इंसानियत और शिष्टाचार के नाते पार्षदों का हालचाल भी नहीं पूछा गया।

# गुजरात के सामने होगी वैभव की चुनौती, प्लेइंग-11 में होगा बदलाव?

**मुल्लांपुर।** गुजरात और राजस्थान के पास आईपीएल 2026 के फाइनल में पहुंचने का आखिरी मौका है। दोनों टीमों के बीच आज क्वालिफायर-2 मुकाबला खेला जाएगा जिससे यह पक्का होगा कि आरसीबी के खिलाफ फाइनल में कौन सी टीम खेलेगी।

गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच शुक्रवार को क्वालिफायर-2 मुकाबला खेला जाएगा। दोनों ही टीमों के लिए यह मैच करो या मरो की तरह है और यहां किसी भी तरह की गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। गुजरात को क्वालिफायर-1 में हार का सामना करना पड़ा था, जबकि राजस्थान ने एलिमिनेटर मुकाबले में एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की थी। अब जो भी टीम ये मैच जीतेगी उसका सामना 31 मई को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा।

## गुजरात के गेंदबाज वैभव को रोक पाएंगे?

इस आईपीएल सीजन में वैभव सूर्यवंशी हर गेंदबाज के लिए पहेली बने हुए हैं।

हैदराबाद के खिलाफ जिस तरह से वैभव ने बल्लेबाजी की है उससे गुजरात की चिंता जरूर बढ़ गई होगी।

आरसीबी के खिलाफ गुजरात की गेंदबाजी काफी खराब रही थी, ऐसे में वैभव को रोकना उनके गेंदबाजों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

दोनों टीमों के बीच पिछले मुकाबले में मोहम्मद सिराज ने शॉर्ट गेंद पर सूर्यवंशी को आउट किया था, लेकिन इससे पहले उनकी गेंद पर शानदार छक्का पड़ा था।

तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को भी सूर्यवंशी ने नहीं बख्शा था। 15 साल के इस बल्लेबाज ने एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंद में 97 रन बनाए थे।

## गुजरात के शीर्ष क्रम को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

दूसरी ओर, गुजरात के पास एक और आईपीएल फाइनल में पहुंचने का मौका है। गुजरात की टीम बल्लेबाजी में शीर्ष तीन शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर पर निर्भर है। अगर ये नहीं चले तो बड़ा स्कोर बनना मुश्किल है।

अगर रॉयल्स ने 250 से अधिक रन बना लिए तो गिल और सुदर्शन पर दबाव आ जाएगा। सुदर्शन के प्रदर्शन में निरंतरता है लेकिन वह पहली गेंद से पीट नहीं सकते। गेंदबाजी गुजरात की ताकत है लेकिन धर्मशाला में आरसीबी के खिलाफ डैथ ओवरों में उसके गेंदबाज नहीं चले थे जब आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने शानदार पारी खेली थी। गुजरात को अपनी फील्डिंग में भी काफी सुधार करना होगा।पिछले मैच में राहुल तेवतिया का फॉर्म भी उसके लिए अच्छा संकेत है। पिछले मैच में तेवतिया इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे और उस मैच में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। अब देखना दिलचस्प होगा कि गुजरात प्लेइंग-11 में बदलाव का जोखिम लेती है या नहीं।



## फाइनल का टिकट एक कदम दूर

### राजस्थान को वैभव से आस

बल्लेबाजों की मददगार इस पिच पर सूर्यवंशी एक बार फिर हर गेंद को पीटना चाहेंगे और गेंदबाज के रसूख की वह परवाह नहीं करते। इसलिए जसप्रीत बुमराह से लेकर पैट कमिंस तक सभी की गेंदों पर उन्होंने छक्के लगाए हैं। कुछ मैचों में सूर्यवंशी शॉर्ट गेंद पर विकेट गंवा बैठे हैं और गुजरात के गेंदबाज इसी पर फोकस करना चाहेंगे।

रॉयल्स की सफलता की कुंजी सूर्यवंशी और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर साबित हुए हैं। सूर्यवंशी के शानदार फॉर्म के आगे यशस्वी जायसवाल छिप से गए हैं। ध्रुव जुरेल ने तीसरे नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की है। इस बात की संभावना कम ही है कि राजस्थान की टीम प्लेइंग-11 में किसी तरह का बदलाव करेगी।

### इस मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

**राजस्थान रॉयल्स:** यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), डोनोवान फरेरा, दासुन शनाका, रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, बृजेश शर्मा, यश राज पुंजा।
**गुजरात टाइटंस:** साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, निशांत सिद्धू, जेसन होल्डर, राशिद खान, कुलवंत खेजरोलिया, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

# पीवी सिंधू का शानदार प्रदर्शन जारी, क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**सिंगापुर।** भारत की अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी अपने-अपने मुकाबले जीतकर सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे हैं।



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का शानदार प्रदर्शन जारी है और वह सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। सिंधू ने गुरुवार को महिला एकल वर्ग के मुकाबले में जापान की रिको गुंजी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-9 21-12 हराया और अगले दौर में प्रवेश कर लिया। सिंधू के लिए आगे की राह आसान नहीं होने वाली है क्योंकि उन्हें अंतिम आठ दौर में कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त आन सी यंग का सामना करना पड़ेगा। भारत की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को हालांकि, क्वार्टर फाइनल में जाने के लिए मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने चीनी ताइपे के ली झी हुएई और यांग पो सुआन की जोड़ी को 21-15, 11-21, 21-18 से हराया। सात्विक-चिराग का सामना अब मलयेशिया के खाई जिंग कांग और आरोन ताई की जोड़ी से होगा।

**मिश्रित जोड़ी को भी मिली सफलता:** ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। इस जोड़ी ने जापान के युता वातानाबे और माया तागुची को 8-21, 21-17, 21-16 से मात दी।

# ऑरेंज कैप की दौड़ में सभी से आगे हुए सूर्यवंशी

## सुदर्शन कर पाएंगे वापसी ? पर्पल कैप पर किसका कब्जा

**मुल्लांपुर।** आईपीएल 2026 का सीजन अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। मौजूदा सीजन में अब दो ही मैच शेष रह गए हैं, ऐसे में ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ भी दिलचस्प हो गई है। ऑरेंज कैप की रेस में राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी आगे हो गए हैं।

आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 47 रनों से हराया। आरआर की जीत के नायक वैभव सूर्यवंशी रहे, जिन्होंने 29 गेंदों में 97 रनों की आतिशी पारी खेली। 15 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी इस तूफानी पारी के साथ ही ऑरेंज कैप की दौड़ में खुद को सभी से आगे कर लिया है।

**दौड़ में कौन-कौन शामिल**

वैभव ने साई सुदर्शन की बादशाहत को खत्म कर दिया है। वैभव आईपीएल 2026 में खेले 15 मुकाबलों में 45 की औसत और 242 के स्ट्राइक रेट से 680 रन बना चुके हैं। वहीं, गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज सुदर्शन 652 रनों के साथ दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं।



एलिमिनेटर मैच में सिर्फ 18 रन बनाने वाले सनराइजर्स हैरदाबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन इस सीजन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 624 रनों के साथ तीसरे नंबर पर काबिज हैं। वहीं, गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल 14 मुकाबलों में 618 रन बनाकर लिस्ट में चौथे नंबर पर काबिज हैं। एसआरएच के बल्लेबाज ईशान किशन 15 मुकाबलों में 602 रन बनाकर पांचवें स्थान पर मौजूद हैं। वहीं, विराट कोहली 15 मुकाबलों में 600 रनों के साथ छठे नंबर पर हैं, जबकि केएल राहुल 593 रन बनाने के बाद सातवें स्थान पर हैं।

बुधवार को खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 243 रन बनाए। आरआर की ओर से वैभव और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतकीय पारी खेली। हालांकि, 244 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएच की पूरी टीम 19.2 ओवर में 196 रन बनाकर सिमट गई। अब फाइनल में पहुंचने के लिए राजस्थान का सामना क्वालिफायर-2 में गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच में जो टीम जीतेगी वो 31 मई को फाइनल में आरसीबी का सामना करेगी।

### पर्पल कैप की रेस में भुवी सबसे आगे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का पर्पल कैप पर कब्जा बरकरार है। भुवनेश्वर 15 मुकाबलों में 18.15 की औसत से 26 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। गुजरात टाइटंस के गेंदबाज कगिसो रबाडा 15 मुकाबलों में 26 विकेट के साथ दूसरे पायदान पर मौजूद हैं। जोफ्रा आर्चर 24 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर चल रहे हैं, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज 14 मुकाबलों में 21 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज ईशान मलिंगा 20 विकेट चटकाकर पांचवें स्थान पर काबिज हैं।

# विश्वकप में दिखेगा भारतीय महिला अधिकारियों का दम

**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2026 की शुरूआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। टूर्नामेंट का आगाज 12 जून से होना है। इस बीच आईसीसी ने मैच अधिकारियों के पैनल का एलान किया है। इसमें चार भारतीयों को जगह मिली है।

आगामी महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 18 सदस्यीय ऑल-फीमेल मैच ऑफिशियल्स पैनल की घोषणा कर दी है। इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में भारत की चार महिला अधिकारियों को जगह मिली है, जिनमें अनुभवी मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी भी शामिल हैं। यह लगातार तीसरा महिला टी20 विश्व कप होगा, जिसमें पूरी तरह महिला मैच ऑफिशियल्स की नियुक्ति की गई है। टूर्नामेंट का आयोजन 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में होगा।

भारत से चार अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

आईसीसी द्वारा जारी सूची में भारत की जीएस लक्ष्मी को मैच रेफरी बनाया गया है, जबकि वृंदा राठी और जनानी एन को अंपायरों के पैनल में शामिल किया गया है। इनके अलावा गायत्री वेणुगोपालन भी टूर्नामेंट में अंपायरिंग करती नजर आएंगी। आईसीसी के अनुसार, यह चयन अधिकारियों के प्रदर्शन, अनुभव और निर्णय क्षमता के व्यापक मूल्यांकन के आधार पर किया गया है।

आईसीसी सीईओ ने क्या कहा?

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा, 'महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए चुना गया यह पैनल क्रिकेट के हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व बढ़ाने की आईसीसी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।' उन्होंने आगे कहा कि मैच अधिकारियों के चयन में निष्पक्ष और साक्ष्य-आधारित प्रक्रिया अपनाई गई है।

## ICC पैनल में चार नाम शामिल



### 33 मैचों में निभाएंगे जिम्मेदारी

टूनार्मेंट के दौरान कुल 33 मुकाबलों में 14 अंपायर और चार मैच रेफरी ड्यूटी निभाएंगे। 2024 संस्करण के नौ अधिकारी इस बार भी वापसी कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की क्लेयर पोलोसाक सबसे अनुभवी अंपायर होंगी, जो अपने छठे महिला टी20 वर्ल्ड कप में अंपायरिंग करेंगी। वहीं जैकलीन विलियम्स और किम कॉटन पांचवीं बार इस टूनार्मेंट का हिस्सा बनेंगी।

**भारत-पाकिस्तान मुकाबले से अभियान की शुरूआत:** भारतीय महिला टीम अपने अभियान की शुरूआत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मुकाबले से करेगी।

**अंपायर:** लॉरेन एजेनबैग, किम कॉटन, अन्ना हैरिस, शाथिरा जाकिर जेसी, केरिन क्लास्टे, कैंडेस ला बोर्डे, जनानी एन, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसाक, वृंदा राठी, सुजैन रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, जैकलीन विलियम्स और गायत्री वेणुगोपालन। मैच रेफरी: ट्रूडी एंडरसन, शांद्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी और मिशेल परेरा।

# राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी में जुटा खेल मंत्रालय

## एनएसएफ में होगी आईटी सलाहकार की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** भारत में खेलों के बेहतर संचालन और खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं देने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी की है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की तैयारियों को मजबूत करने के लिए खेल मंत्रालय बड़ा कदम उठा रहा है। इसके तहत मंत्रालय एनएसएफ में आईटी सलाहकार की नियुक्ति करेगा।




खेल मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि वह अहमदाबाद में होने वाले 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बेहतर तालमेल के लिए अपनी डिजिटल प्रणाली को मजबूत करने हेतु राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) में आईटी सलाहकारों की नियुक्ति करेगा। यह योजना राष्ट्रीय खेल डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र (एनएसडीई) के व्यापक ढांचे का हिस्सा है। हालांकि मंत्रालय ने अभी यह साफ नहीं किया है कि वह प्रत्येक संघ में कितने पेशेवरों को नियुक्त करना चाहता है, इसके लिए क्या समय-सीमा या मापदंड होंगे। खेल मंत्रालय वर्तमान में 40 से अधिक राष्ट्रीय संघों को मान्यता देता है।

**मांडविया ने बताई योजना**

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, इस पहल का उद्देश्य संघ विशिष्ट डिजिटल प्रणाली को सुव्यवस्थित करना और प्रतियोगिताओं, राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों, खिलाड़ियों की भागीदारी, प्रशासन प्रक्रियाओं और वास्तविक समय में तालमेल के लिए अधिक प्रभावी योजना बनाना है क्योंकि भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों और अपनी दीर्घकालिक ओलंपिक महत्वाकांक्षाओं से पहले एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की तैयारी कर रहा है।

आईटी सलाहकारों को एनएसएफ की मदद करनी होगी जिससे कि एनएसडीई ढांचे के तहत डिजिटल प्रणाली को आसानी से लागू किया जा सके। मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, आईटी पेशेवरों को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के आईटी सेल ने ट्रेनिंग दी है और वे काम करने के लिए तैयार हैं। वे खास तौर पर उन छोटे महासंघ के लिए उपयोगी हैं जिनके पास खुद से यह अपग्रेड करने के लिए संसाधन नहीं हैं।

# हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने वैभव सूर्यवंशी को सराहा

## बोले- उनके खिलाफ ज्यादा विकल्प नहीं होते

**धर्मशाला।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर सराहना की है। कमिंस वैभव के खेलने के तरीके से काफी प्रभावित हुए हैं।



राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस को भी अपना मुरीद बना लिया है। वैभव ने बुधवार को आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंदों पर 97 रनों की दमदार पारी खेली जिससे राजस्थान ने जीत दर्ज कर क्वालिफायर-2 में जगह बना ली। इस मैच में वैभव के पास आईपीएल का सबसे तेज शतक लगाने का मौका था, लेकिन वह इससे चूक गए।

हालांकि, कमिंस ने इस बल्लेबाज का लोहा माना और उनकी जमकर सराहना की।

### कमिंस बोले- गलत समय पर विकेट गंवाए

कमिंस ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार के बाद स्वीकार किया कि 244 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम ने कुछ विकेट गलत समय पर गंवाए। कमिंस ने कहा, 244 रन का लक्ष्य हासिल करने के लिए टीम के पक्ष में कुछ चीजों का सही होना जरूरी था, लेकिन हमने गलत समय पर कुछ विकेट गंवा दिए। हम शीर्ष दो में जगह बनाने से बस थोड़ा सा ही दूर रह गए लेकिन लड़कों की कोशिशों पर कोई शक नहीं किया जा सकता। सनराइजर्स के कप्तान ने अपने युवा गेंदबाजों की भी सराहना करते हुए कहा, प्रफुल और साकिब बहुत बढ़िया थे। हम प्लेऑफ में पहुंचने वाली सबसे युवा टीमों में से एक हैं और कोचिंग टीम ने कुछ बेहतरीन हीरे खोज निकाले हैं।

### सबसे तेज शतक लगाने से चूक गए थे वैभव

राजस्थान के लिए पारी की शुरूआत करने वाले वैभव सूर्यवंशी ने मात्र 29 गेंदों पर 12 छक्कों और पांच चौकों की मदद से 97 रन की पारी खेली। वैभव के नाम आईपीएल इतिहास का सबसे तेज शतक दर्ज होते-होते रह गया। वैभव के दम पर ही राजस्थान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 243 रन बनाने में सफल रही, जबकि हैदराबाद की टीम 19.2 ओवर में 196 रन पर ऑलआउट हो गई। कमिंस ने रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज सूर्यवंशी की तारीफ करते हुए कहा, वह काफी अच्छा खेला। पिच बहुत अच्छी थी, लेकिन गलती की गुंजाइश काफी कम होती है। आप यॉर्कर से चूक जाते हैं, लेकिन वह नहीं चूकता। विकेट काफी अच्छा था। हमारी टीम हर लिहाज से बहुत संतुलित है।

# प्रज्ञानंद ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया

**ओस्लो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट में बड़ा उलटफेर किया। प्रज्ञानंद ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को मात दी। वहीं, विश्व चैंपियन डी गुकेश को एक बार फिर झटका लगा।

नॉर्वे शतरंज 2026 टूनार्मेंट के तीसरे दौर में एक और रोमांचक मुकाबला खेला गया। भारतीय स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञानंद ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्लासिकल चेस में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया। प्रज्ञानंद कार्लसन के खिलाफ ज्यादातर समय तक नियंत्रण में नजर आए। नॉर्वे के स्टार ने दबाव में आकर एक बड़ी गलती कर दी, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। इस साल टूर्नामेंट में कार्लसन चिर परिचित फॉर्म में नहीं दिख रहे थे, लेकिन सात बार के चैंपियन को उसके देश में हराना विश्व शतरंज की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है।



# एलिमिनेटर मुकाबले में जमकर हुई छक्कों की बारिश

## आईपीएल प्लेऑफ मुकाबलों का बन गया नया रिकॉर्ड

**मुल्लांपुर।** आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 47 रनों से हराया। इसके साथ ही राजस्थान की टीम फाइनल में पहुंचने के करीब पहुंच गई। अब उसका सामना क्वालिफायर-2 में गुजरात टाइटंस से होगा। जो भी टीम ये मैच अपने नाम करेगी वो आईपीएल 2026 के खिताबी मुकाबले में पहुंच जाएगी।

244 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की पूरी टीम 196 रन बनाकर ऑलआउट हुई। अभिषेक शर्मा खाता खोले बिना पवेलियन लौटे, ट्रेविस हेड 17 रन बनाकर जोफ्रा आर्चर का शिकार बने। ईशान किशन ने 11 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली, लेकिन वह अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके। हेनरिक क्लासेन एलिमिनेटर मुकाबले में बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और वह 10 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए। नीतीश कुमार रेड्डी ने एसआरएच की ओर से सर्वाधिक 38 रन बनाए, तो साहिल अरोड़ा ने 35 रनों का योगदान दिया। अंत के ओवरों में शिवांग कुमार ने 27 रन बनाए। आरआर की ओर से गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए, जबकि नांद्रे बर्गर, सुशांत मिश्रा और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट चटकाए।

### सूर्यवंशी का दिखा दम




हैदराबाद और राजस्थान के बीच इस मैच में वैभव सूर्यवंशी का दम दिखा जिन्होंने अपनी धुआंधार पारी से कई रिकॉर्ड धवस्त कर दिए। इस मुकाबले में छक्कों का भी नया रिकॉर्ड कायम हुआ। दोनों टीमों के बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर इस मैच में 26 छक्के लगाए। आईपीएल के एक प्लेऑफ मुकाबले में लगे यह सर्वाधिक छक्के भी हैं। इससे पहले साल 2025 में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच हुए एलिमिनेटर मैच में दोनों टीमों के बल्लेबाजों ने मिलकर 25 छक्के लगाए थे। बुधवार को महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों ने कुल 17 छक्के लगाए, जिसमें से 12 छक्के अकेले वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से आए। वहीं, एसआरएच के बल्लेबाजों ने मैच में कुल नौ छक्के लगाए। यानी इस मैच में जितने छक्के पूरी हैदराबाद टीम ने लगाए उससे तीन अधिक वैभव के बल्ले से निकले।

### मैच का हाल

टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरूआत शानदार रही। वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने मिलकर पहले विकेट के लिए सिर्फ 48 गेंदों में 125 रनों की बेहतरीन साझेदारी निभाई। यशस्वी ने 29 गेंदों में 29 रन बनाए। वहीं, वैभव ने ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए महज 29 गेंदों में 97 रनों की तूफानी पारी खेली। वैभव ने अपनी पारी में पांच चौके और 12 छक्के लगाए। वहीं, ध्रुव जुरेल ने 21 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। कप्तान रियान पराग ने 12 गेंदों में 26 रन बनाए, तो रवींद्र जडेजा ने नौ गेंदों में नाबाद 12 रन बनाए।

# नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे

**पेरिस।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीसरे दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने पुरुष एकल वर्ग के मुकाबले में फ्रांस के वैलेंटिन रॉयर को हराया।



तीन बार के चैंपियन और पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन 2026 के पुरुष एकल वर्ग के तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं। जोकोविच ने कड़े मुकाबले में फ्रांस के वैलेंटिन रॉयर को हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने रॉयर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-3, 6-2, 6-7(9), 6-3 से जीत दर्ज की। सर्बियाई खिलाड़ी ने तीसरे सेट के टाई-ब्रेक में 6/5 पर एक मैच प्वाइंट गंवा दिया, लेकिन इसके तुरंत बाद बेहतरीन वापसी करते हुए तीन घंटे और 28 मिनट तक चले मुकाबले में रॉयर को मात दी।

**फ्रांस के खिलाड़ियों के खिलाफ बेहतर किया रिकॉर्ड:** अपने करियर में रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम जीत चुके इस चैंपियन खिलाड़ी ने इस साल क्ले कोर्ट पर सिर्फ एक मैच खेलकर फ्रेंच ओपन में हिस्सा लिया। मार्च में अमेरिका के इंडियन वेल्स ओपन के दौरान लगी चोट के कारण वह छह हफ्तों से ज्यादा समय तक नहीं खेल पाए थे।

फ्रेंच ओपन में शुरूआती दो मुकाबलों में उन्हें फ्रांस के खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती मिली। रविवार को उन्होंने अपने पहले मैच में जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड को चार सेटों तक चले मुकाबले में हराया था।




# इंटरव्यू देने निकले युवक की लोनी में गोलियों से हत्या

## युवक की 5 गोली मारकर हत्या

## पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 21 साल के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शव लोनी में बंथला नहर से सटे ट्यूबवेल के पास मिला। उसकी कनपटी, सिर और सीने में 5 गोलियां मारी गई हैं। पुलिस को मौके से बियर की 4 केन और एक बैग मिला है।

वह गुरुग्राम (हरियाणा) इंटरव्यू देने जा रहा था। पुलिस युवक के पास मिले मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर जांच कर रही है। साथ ही शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामला बुधवार रात का लोनी थाना क्षेत्र का है। बंथला नहर के पास मिला शव बागपत के गांव डोला में रहने वाले सोनपाल खेतीबाड़ी करते हैं। परिवार में उनकी पत्नी ऊषा, तीन बेटे चांद, विक्की और नितिन के अलावा दो बेटियां तनु और पायल हैं। नितिन घर पर रहकर यूपी पुलिस में भर्ती की तैयारी कर रहा था। 27 मई को नितिन नौकरी की तलाश में गुरुग्राम जाने के लिए घर से निकला था।

उसे गांव का ही रहने वाला विपिन अपनी बाइक से टटीरी रेलवे स्टेशन छोड़ने गया था। रात में ही लोनी थाना पुलिस ने फोन कर घरवालों को नितिन का शव मिलने की सूचना दी। बताया कि उसकी गाजियाबाद के लोनी में गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर घरवाले मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की।

### लड़की के भाइयों ने दी थी जान से मारने की धमकी

बड़े भाई चांद ने बताया- 28 फरवरी को तनिष की बहन अपनी मर्जी से किसी लड़के के साथ चली गई थी। जब लड़की गांव से जा रही थी, तो उसने नितिन से लिफ्ट मांगी थी। नितिन ने लड़की को गांव के बाहर तक छोड़ दिया था। तभी से तनिष और उसके परिजन नितिन से रंजिश रख रहे थे।

लड़की के भाई आशुदीप और तनिष प्रजापति लगातार नितिन को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। यह धमकी कई बार मेरे सामने भी दी गई। उसके बाद लड़की भी मिल गई थी। सारा मामला रफा-दफा भी हो गया था। लेकिन, उसके बाद भी धमकी दी जाती रही। इसीलिए हम नितिन को घर से बाहर नहीं निकलने देते थे।

चांद ने बताया- कल (27 मई) ही नितिन दोपहर 1 बजे गुरुग्राम में प्राइवेट नौकरी की तलाश में निकला था। कुछ घंटे बाद उसकी लाश मिलने की खबर आई। हमें इंसाफ चाहिए। जब तक हमें इंसाफ नहीं मिलेगा, हम यहीं घर के बाहर बैठे रहेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आशुदीप और तनिष प्रजापति ने मिलकर गोलियों से मेरे नितिन की हत्या कर दी है। पुलिस इस मामले में सख्त कार्रवाई करे। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी या एनकाउंटर की मांग को लेकर घरवाले और गांववाले धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने साफ कहा कि जब तक नामजद आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे या उनका खात्मा नहीं होगा, तब तक नितिन का शव गांव नहीं लाएंगे।

वहीं, धरनास्थल पर पहुंचे सिंघावली अहीर थानाध्यक्ष मनोज कुमार चाहल ने लोगों को समझाते हुए कार्रवाई के लिए 2 दिन का समय मांगा। धरने के चलते गाजियाबाद पोस्टमॉर्टम हाउस पर भी परिवार का कोई सदस्य नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि नितिन को आरोपियों की ओर से लगातार धमकियां दी जा रही थीं।

# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने मनाया विजय सिंह पथिक का स्मृति दिवस



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने ज्ञान पीठ केन्द्र, स्वरूप पार्क साहिबाबाद में क्रांतिकारी और किसान मसीहा विजय सिंह पथिक का स्मृति दिवस 'किसान सम्मान दिवस' के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया। कार्यक्रम में प्रबुद्ध जनों ने पथिक जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। परिसर 'अमर रहे, अमर रहे' के नारों से गूंज उठा।

मुख्य वक्ता और संस्था के अध्यक्ष रामदुलार यादव ने कहा कि विजय सिंह पथिक महान क्रांतिकारी, समाज सुधारक, कवि और निर्भीक पत्रकार थे। उन्होंने राजस्थान के बिजौलिया में ऐतिहासिक किसान आंदोलन का नेतृत्व कर ब्रिटिश हुकूमत को झुकाया। यादव ने गांधी जी के शब्द दोहराए कि पथिक जी काम करते हैं और बहुत से लोग केवल बातें करते हैं। श्री रामदुलार यादव ने वर्तमान हालात पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में भी किसानों को उचित सम्मान नहीं मिला। किसान आंदोलन में 700 से अधिक किसान शहीद हुए, लेकिन सरकार ने एक शब्द भी नहीं कहा। किसानों की आय दोगुनी करने का दावा छलावा साबित हुआ।

उन्होंने कहा कि महंगाई, बेकारी और बेरोजगारी चरम पर है। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और घरेलू गैस के दाम बार बार बढ़ाकर जनता की कमर तोड़ दी गई है। छोटे उद्योग बंद हो रहे हैं। ट्रस्ट ने सरकार से महंगाई पर तुरंत नियंत्रण की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजाराम मौर्य ने की और संचालन अनिल मिश्र ने किया। पं. विनोद त्रिपाठी, हुकुम सिंह और राजेन्द्र सिंह ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर सपा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, सरदार अवतार सिंह काले, देवकर्ण चौहान, अमृत लाल चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार स्नैचिंग और अवैध शस्त्र रखने के आरोप में कार्रवाई



**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने गश्त और चेकिंग अभियान के दौरान चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने स्नैचिंग करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा, जबकि थाना सेक्टर-142 पुलिस ने अवैध शस्त्र के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से 13 मुकदमे दर्ज हैं।

थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से स्नैचिंग करने वाले रब्बान पुत्र मोहम्मद अली और चमन पुत्र अनवर अली को सेक्टर-29 नाले के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने रब्बान के कब्जे से स्नैचिंग की चेन बेचकर प्राप्त 4510 रुपये नकद और एक अवैध चाकू बरामद किया है। वहीं चमन के पास से 3730 रुपये नकद और एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ एनसीआर के विभिन्न थानों में कुल 10 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। उनके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। इसके अलावा थाना सेक्टर-142 पुलिस ने बीट पुलिसिंग के दौरान सूरज सिंह पुत्र विनोद कुमार और अंकित सिंह पुत्र उदय भान सिंह को क्रासा कट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने सूरज सिंह के कब्जे से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस तथा अंकित सिंह के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है। थाना सेक्टर-142 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है। वर्तमान में सभी आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# वांटेड गिरफ्तार: ऑपरेशन शस्त्र में मिली सफलता



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ नगर पुलिस ने अपराध और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। ह्लऑपरेशन शस्त्र अभियानह्व के दौरान पकड़े गए आरोपी के कब्जे से अवैध असलहा बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पर विभिन्न राज्यों में करीब 23 मुकदमे दर्ज हैं और वह महाराष्ट्र के नागपुर में भी चोरी के मामले में वांछित चल रहा था।

**चेकिंग अभियान में पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी :** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ के निर्देश पर जिलेभर में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसी अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर एक युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध असलहा बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया। नागपुर में चोरी के मुकदमे में था वांछित गिरफ्तार आरोपी की पहचान वसीम पुत्र शफीक के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी महाराष्ट्र के नागपुर शहर स्थित थाना गणेशपेठ में दर्ज चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहा था। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से पुलिस से बचता फिर रहा था और लगातार ठिकाने बदल रहा था।

23 मुकदमों का हिस्ट्रीशीटर निकला आरोपी पुलिस अधिकारियों के अनुसार वसीम का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उस पर चोरी, अवैध हथियार रखने और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े करीब 23 मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस का मानना है कि आरोपी संगठित अपराध से भी जुड़ा हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए उससे गहन पूछताछ की जा रही है।

**ऑपरेशन शस्त्र अभियान में बड़ी सफलता:** हापुड़ पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी को ह्लऑपरेशन शस्त्र अभियानह्व की बड़ी सफलता बताया है। अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध हथियार रखने वालों और अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने दी सख्त चेतावनी पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा है कि जनपद में अपराध करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध हथियार रखने वालों और फरार अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# 12 साल पूरे होने पर भाजपा चलाएगी जनसंपर्क अभियान

**नोएडा।** केंद्र में भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर पार्टी पांच जून से जिले में विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू करेगी। '12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' थीम पर चलने वाले इस अभियान के तहत बूथ स्तर तक विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। बृहस्पतिवार को तिलपता स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं को कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पांच जून को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया जाएगा। यह अभियान 21 जून के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक जारी रहेगा। 13 जून को प्रभारी मंत्री ब्रजेश सिंह ग्रेटर नोएडा स्थित वाईएमसीए क्लब में प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां बताएंगे।

अभियान के जिला संयोजक सत्येंद्र नागर ने बताया कि 14 से 16 जून तक ब्लॉक स्तर पर जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

16 जून को ग्रेनो वेस्ट के ब्लूम इंटरनेशनल स्कूल में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित होगा। वहीं, 17 से 20 जून तक दादरी में प्रदर्शनी और 18 जून को प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। पार्टी पदाधिकारी आठ से 14 जून के बीच जिले के प्रमुख लोगों से भी मुलाकात करेंगे।

# खराब ट्रैक्टर ट्रॉली से एक्सप्रेसवे लगा जाम



**नोएडा।** नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर बृहस्पतिवार की शाम वाहन से सामान लदी ट्रैक्टर ट्रॉली खराब हो गई। पीक समय में एक्सप्रेसवे पर वाहन खराब होने से मार्ग प्रभावित होने लगा। डीसीपी ट्रैफिक अभय मिश्र ने बताया कि ट्रॉली को सड़क किनारे तक लाने के लिए टीम ने हाइड्रा क्रेन को सहायता के लिए बुलाया। जिसके आने में समय लग रहा था। एक्सप्रेसवे पर वाहनों का दबाव बढ़ता देख ट्रैफिक कर्मी ने स्वयं ट्रॉली से सामान उतारना शुरू कर दिया। सामान उतारने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली को सड़क किनारे किया गया। जिससे मार्ग सुचारू हो सका।

# शॉर्ट सर्किट से कबाड़ की दो दुकानों में लगी आग

**नोएडा।** मोरना इलाके में बृहस्पतिवार सुबह कबाड़ की दो दुकानों में आग लग गई। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने चार गाड़ियों की मदद से आग को काबू कर लिया। आसपास की पांच दुकानों को आग से बचा लिया। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। अग्निशमन विभाग की टीम आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि मोरना गांव में टीन शेड में सात दुकानें हैं।



सुबह के वक्त आसपास के लोगों ने एक दुकान से धुआं निकलते देखा तब अग्निशमन विभाग को सूचना दी। आग की चपेट में आए दो दुकानों के साथ आसपास की पांच दुकानों पर भी पानी का बौछार किया गया। इससे पांच दुकानें आग से बच गई। आग लगने से दो दुकानों में रखा सामान जल गया। अग्निशमन विभाग की टीम आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## एटीएस ग्रीन-2 में एसी का कंप्रेसर फटने से लगी आग

नोएडा। सेक्टर-50 स्थित एटीएस ग्रीन-2 के टावर-1 के आठवें तल के फ्लैट में बृहस्पतिवार को आग लग गई। एओए अध्यक्ष पवन कुमार के अनुसार, घटना सुबह करीब 5 बजे की है। एसी के कंप्रेसर फटने से आग लगी। इससे अफरातफरी मच गई। हालांकि 10 मिनट बाद आग पर काबू पा लिया गया। बाद में अग्निशमन की एक फायर टेंडर भी मौके पर पहुंची। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे का कहना है कि एसी की नियमित सर्विस कराने की जरूरत है। उसे कुछ अंतराल के बाद थोड़ी देर के लिए जरूर बंद करें। 16 के बजाय 25 या 28 डिग्री सेल्सियस पर एसी चलाना बेहतर रहेगा।

# शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर पूर्व प्रबंधक से 47.90 लाख की साइबर ठगी

**नोएडा (करंट क्राइम)।** साइबर जालसाजों ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर एक कंपनी के पूर्व निदेशक के साथ 47.90 लाख की ठगी कर ली। जालसाजों ने पीड़ित को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है और मामले की जांच की जा रही है।

ग्रेटर नोएडा निवासी रूपम गुप्ता ने पुलिस से शिकायत की है कि वह एक ऑटो मोबाइल कंपनी में प्रबंधक के पद से सेवानिवृत हुए हैं। वर्तमान में उनका खिलौने का काम है। 28 अप्रैल को उनके व्हाट्स एप पर एक मैसेज आया। इसमें शेयर ट्रेडिंग के बारे में बताया गया। इसके बाद दोनों की इंस्टाग्राम पर भी बात हुई। जालसाजों ने निवेश करने पर मोटा मुनाफा होने का झांसा दिया। जालसाज ने बताया कि वह क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर नामक ट्रेडिंग कंपनी का कर्मचारी है। उनकी कंपनी अपने ग्राहकों को सुबह से शाम तक ट्रेडिंग करवाती है।

इसके बाद जालसाजों ने पीड़ित को एक व्हाटस एप ग्रुप में जोड़ दिया। इस ग्रुप का एडमिन राजेश अहीर नामक व्यक्ति था। इसमें 244 से अधिक लोग जुड़े हुए थे। धीरे-धीरे करके उन्होंने अपने आईसीआईसीआई बैंक खाते से 47 लाख 90 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।




# आईजीआरएस बढ़ाएगी पुलिस की टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों जिस तरीके से बड़ी संख्या में टू-स्टार वाले स्तर पर लबादलों की रेल चली है। उससे कई जोन व सर्किलों से लेकर थानों व चौकियों के समीकरण बदलने शुरु हो गए हैं। इस लिस्ट के बाद से कई टू-स्टार को उनके मनपंसद थाने से कहीं और भेजा गया है। तो खास ऑफिसों से जुड़े उनके साथियों की भी टेंशन बढ़ ई है। इन सबके बीच अब चर्चा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में हो रही है कि एसीपी और आईपीएस वाली लिस्ट कब आएगी। वैस भी कहा जा रहा है कि अब तो बड़ा त्यौहार भी बीत गया है और अब वेट हो रहा है, बड़ी वाली लिस्ट का। उधर पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं की लिस्ट का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बाद इफेक्ट पड़ने वाला है। वैसे भी एक जोन अभी खाली चल रहा है। तो एसीपी स्तर के अधिकारियों की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। एडीसीपी पद पर प्रमोशन लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से एसीपी चले गए हैं। तो उनके स्थान पर कोई नया फेस नहीं आ रहा है। साथ ही जो पुराने हो चुके हैं, उनको कौन रिप्लेस करेगा, इस बात पर भी सवाल बरकरार है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि आईजीआरएस वाली रैंकिंग इस महीने की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की रैकिंग में कई थाना प्रभारियों की टेंशन को बढ़ाने का काम करेगी। पुलिस सूत्रों से सुनने में आ रहा है कि सिटी से लेकर नदिया पार के और देहात के कई थाना प्रभारी ऐसे हैं जिनकी इस वाली रिपोर्ट ने न सिर्फ थाना स्टाफ बल्कि उनके एसीपी स्तर के अधिकारियों को भी टेंशन में डाल रखा है। उधर बताया जा रहा है कि इस महीने वाली जो आईजीआरएस आएगी, उसका कुछ साइड इफेक्ट भी हो सकता है। तो इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में संवेदनशील वाला त्यौहार जो माना जा रहा था वह शांति व्यवस्था और बिना किसी वाद-विवाद और हंगामे के बीतने की जानकारी मिल रही है। जिसके बाद अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अधिकारियों ने राहत वाली सांस ली है। तो पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया है कि आने वाले दिनों में दोबारा से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तबादले वाली टेंशन फिर देखने को मिलेगी।




# नेपाल से भागकर भारत आए प्रेमी युगल दनकौर में मिले



**नोएडा।** नेपाल से भागकर आए एक प्रेमी युगल को दनकौर कस्बे से बरामद किया गया। दोनों पिछले तीन दिनों से कस्बे में ही अपने एक परिचित युवक के यहां रह रहे थे। नेपाल पुलिस ने सर्विलांस के जरिए उनकी लोकेशन ट्रेस कर गौतमबुद्धनगर पुलिस से संपर्क किया था। जिसके बाद दनकौर पुलिस ने बृहस्पतिवार को दोनों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की गई।

पुलिस ने बताया कि नेपाल के जनकपुरी क्षेत्र से 21 मई को एक युवक और युवती अचानक लापता हो गए थे। काफी तलाश के बाद भी जब दोनों का पता नहीं चला तो परिजनों ने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच के दौरान नेपाल पुलिस ने दोनों के मोबाइल फोन को सर्विलांस के माध्यम से लोकेशन को ट्रेस किया। उनकी लोकेशन भारत के ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में मिली। जानकारी मिलने पर नेपाल पुलिस ने दनकौर पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए प्रेमी युगल को तलाश कर कोतवाली बुलाया। दोनों दनकौर में रहने वाले अपने एक नेपाली मित्र के यहां ठहरे हुए थे। युवक ग्रेटर नोएडा स्थित एक निजी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करता है। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है।

# संशोधित कीमतों पर भूखंडों के लिए 22 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**नोएडा।** भूखंड महंगे होने के बाद ग्रेनो प्राधिकरण ने अपनी 24 बड़े भूखंड की योजना में आवेदन के लिए तारीख बढ़ा दी है। दो मई की बोर्ड बैठक में दरें बढ़ाए जाने का फैसला होने के बाद नई दरें लागू हो गई हैं। करीब चार प्रतिशत दरें बढ़ने के बाद अब संशोधित कीमतों पर भूखंडों का आवंटन होगा। प्राधिकरण से जारी कार्यालय आदेश के मुताबिक 11 अप्रैल से 8000 वर्गमीटर से बड़े साइज के 24 भूखंड की योजना को लांच किया गया था। नई दरों के लागू होने के बाद पहले 29 मई तक के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाई गई थी।

अधिकारियों का कहना है कि भूखंड की दरें अब भी प्रतिस्पर्धात्मक होने की वजह से आवेदनों की संख्या बढ़ने की संभावना है। ऐसे में उद्यमियों को 22 जून तक आवेदन का मौका दिया गया है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीकरण धनराशि भी संशोधित दरों के मुताबिक अब जमा करनी होगी। इन भूखंड के आवंटन इंटरव्यू के जरिए किए जाने हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आकाश पुत्र ओमप्रकाश निवासी गणेशपुरा, थाना हापुड़ नगर के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी आकाश पर एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था और पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। थाना पिलखुवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना और अपनी सटीक रणनीति के आधार पर आरोपी आकाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। यह गिरफ्तारी जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों के प्रति हापुड़ पुलिस बेहद गंभीर है। ऐसे मामलों में आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शिक्षाविद् रामोतार जिंदल अपने परिवार के साथ स्कूल की छुट्टियों का आनंद नैनीताल की खूबसूरत वादियों में ले रहे हैं। ये उनका अंदाज रहा कि वो फेसबुक पोस्ट पर बिल्कुल अकेले आये और फोटो फ्रेम में फैमली को नहीं लिया। प्रकृति की गोद में शिक्षाविद् रामोतार जिंदल का ये अंदाज फेसबुक पर छाया रहा। शिक्षाविद् डा. रामोतार जिंदल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# भारत को पाकिस्तान और चीन से ही सबसे बड़ा खतरा

**सिंगापुर।** एक रिपोर्ट जारी की गई है, जिसमें दावा किया गया है कि भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती अभी भी पाकिस्तान और चीन ही हैं और भारत का अगर भविष्य में संघर्ष होता है तो वह स्थानीय प्रकृति का होगा।

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भारत की पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियां आगे भी पाकिस्तान और चीन के इर्द-गिर्द केंद्रित रहेंगी। सिंगापुर में सप्ताहांत में अंतरराष्ट्रीय रक्षा संवाद आयोजित होने जा रहा है, उससे पहले एक रिपोर्ट जारी हुई है, जिसमें यह दावा किया गया है। भविष्य में किसी भी संभावित पारंपरिक युद्ध की प्रकृति स्थानीय ही रहेगी। लंदन स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (क्क्रर) की 'एशिया-पैसिफिक रीजनल सिक्योरिटी असेसमेंट' (अढफ्रअ) नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अपने दोनों परमाणु संपन्न पड़ोसी देशों के साथ लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवादों के कारण बड़े पैमाने पर पारंपरिक सैन्य अभियानों के लिए सेना को तैयार कर रहा है।

**भारत और चीन की सीमाएं संवेदनशील बनी रहेंगी:** रिपोर्ट के अनुसार, चीन के साथ भारत के सीमा विवाद अपेक्षाकृत पारंपरिक प्रकृति के हैं और इनके भारत-पाक संघर्षों जैसी तीव्रता तक पहुंचने की संभावना कम है। इसके बावजूद भारत की चीन और पाकिस्तान दोनों के साथ सीमाएं सैन्य रूप से संवेदनशील बनी रहेंगी। हिंद महासागर क्षेत्र से बाहर भारत की व्यापक एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सक्रिय सैन्य भूमिका निभाने की संभावना कम है। साथ ही भारत, ताइवान को लेकर संभावित अमेरिका-चीन संघर्ष से भी दूरी बनाए रखने की कोशिश करेगा। रिपोर्ट में भारत की स्थिति को 'न युद्ध, न शांति' वाली हाइब्रिड चुनौती बताया गया है।



## अमेरिका-चीन संघर्ष को लेकर कही गई ये बात

रिपोर्ट में अमेरिका और चीन की सैन्य रणनीतियों में ताइवान को प्रमुख केंद्र बताया गया है। अमेरिका जहां ताइवान की सुरक्षा और मजबूती पर जोर दे रहा है, वहीं चीन अमेरिकी हस्तक्षेप को रोकने की रणनीति पर काम कर रहा है। इसके अलावा, हिंद महासागर क्षेत्र के प्रमुख सामरिक मार्गों, खासकर मलक्का जलडमरूमध्य, को लेकर बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का भी उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य क्षमता के कारण सैन्य उपस्थिति को लेकर प्रतिस्पर्धा तेज हो रही है। अंतरराष्ट्रीय रक्षा संवाद 'शांगरी-ला डायलॉग' 29 से 31 मई तक सिंगापुर में आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न देशों के रक्षा मंत्री और सैन्य प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया रिश्तों पर बोले अल्बनीज

## पीएम मोदी की मेजबानी करना सम्मान की बात

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने संसद में पीएम नरेंद्र मोदी के जल्द ऑस्ट्रेलिया दौरे की घोषणा की। उन्होंने भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों, व्यापार, रक्षा और हिंद-प्रशांत सहयोग को मजबूत बताया।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल्द ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर बड़ा बयान दिया है। कैनबरा में संसद को संबोधित करते हुए अल्बनीज ने कहा कि भारत, जो पहले ही दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है, इस दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भारत को ऑस्ट्रेलिया का बेहद महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों की जमकर तारीफ की।

वहीं, ऑस्ट्रेलिया में भारत के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अल्बनीज के संबोधन का वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि जब ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भारत के बारे में इतनी मजबूती और उत्साह के साथ बात करते हैं, तो भारत में



उच्चायुक्त के रूप में काम करना और भी गर्व की बात बन जाता है।

### भारत यात्रा और मोदी से मुलाकात का अनुभव साझा किया

अल्बनीज ने अपने पुराने भारत दौरों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने पहली बार 1991 में एक बैकपैकर के रूप में भारत की यात्रा की थी। इसके बाद प्रधानमंत्री बनने के बाद भी वे दो बार भारत आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत को वास्तव में समझने के लिए बस या ट्रेन से यात्रा करना सबसे बेहतर अनुभव होता है, क्योंकि इससे देश की विविधता और गर्मजोशी को करीब से महसूस किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा मुझे जल्द ही प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी करने का अवसर मिलेगा, और यह मेरे लिए बेहद सम्मान की बात होगी।

### भारत की विकास यात्रा को बताया क्षेत्र के लिए अवसर

प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि सिर्फ एक देश की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया केवल प्रशांत महासागर का देश नहीं, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे दोनों देशों के रिश्ते और गहरे होते हैं। उन्होंने 2022 में हुए आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समझौते ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई मजबूती दी है। साथ ही शिक्षा, संस्कृति और क्रिकेट जैसे क्षेत्रों ने भी दोनों देशों को आपस में करीब लाने का काम किया है।

### भारतीय समुदाय को बताया रिश्तों की ताकत

अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलिया में बसे भारतीय समुदाय की भी खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि लगभग दस लाख भारतीय मूल के लोग न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि छोटे व्यापारों और समाज में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा ?हमारा देश आप सभी की वजह से बेहतर हुआ है। मेरी सरकार हमेशा आपके हितों की रक्षा करेगी और किसी भी तरह के विभाजनकारी प्रयासों का विरोध करेगी।?प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि सिर्फ एक देश की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया केवल प्रशांत महासागर का देश नहीं, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे दोनों देशों के रिश्ते और गहरे होते हैं। उन्होंने 2022 में हुए आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समझौते ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई मजबूती दी है। साथ ही शिक्षा, संस्कृति और क्रिकेट जैसे क्षेत्रों ने भी दोनों देशों को आपस में करीब लाने का काम किया है।

# यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की पहुंचे स्वीडन, रक्षा सहयोग और ड्रोन तकनीक पर हुई चर्चा

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने स्वीडन दौरे के दौरान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर अहम चर्चा की। यूक्रेन अपनी ड्रोन तकनीक के बदले सैन्य मदद चाहता है। यूक्रेन चार साल से ज्यादा समय से रूस के हमले का सामना कर रहा है। इस लंबे युद्ध के दौरान यूक्रेन ने ड्रोन तकनीक में काफी महारत हासिल की है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की गुरुवार को स्वीडन की यात्रा पर पहुंचे। वहां उन्होंने स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ रक्षा सहयोग को लेकर अहम बातचीत की। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि दोनों देश एक बड़े रक्षा पैकेज की तैयारी कर रहे हैं। इस समझौते में यूक्रेन को 'ग्रिपेन' लड़ाकू विमान देने पर भी काम चल रहा है।

यूक्रेन पिछले चार साल से ज्यादा समय से रूस के हमले का सामना कर रहा है। इस लंबे युद्ध के दौरान यूक्रेन ने ड्रोन तकनीक में काफी महारत हासिल की है। अब जेलेंस्की दूसरे देशों के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी इस विशेषज्ञता का इस्तेमाल कर रहे हैं। जेलेंस्की का कहना है कि यूक्रेन के विशेषज्ञों ने पश्चिम एशिया के देशों, खासकर खाड़ी क्षेत्र में हवाई सुरक्षा को मजबूत करने में मदद की है। उन्होंने वहां मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों की सुरक्षा में भी सहयोग दिया है। इसके अलावा, यूक्रेन ने यूरोपीय संघ के देशों के साथ मिलकर ड्रोन बनाने के समझौते किए हैं। यूरोपीय देशों को डर है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सैन्य योजनाएं यूक्रेन से आगे भी बढ़ सकती हैं।

युद्ध के मैदान में यूक्रेन के ड्रोन 1,250 किलोमीटर लंबी सीमा पर लगातार नजर रख रहे हैं। ये ड्रोन रूस के सप्लाई रास्तों पर सटीक हमले कर रहे हैं, जिससे रूस की बड़ी सेना को पीछे हटना पड़ा है।

वॉशिंगटन के एक संस्थान 'इंस्टिट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर' ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि यूक्रेन के ड्रोन हमलों ने रूस की ताकत को सीमित कर दिया है। इन हमलों की वजह से रूस के लिए अपने सैनिकों तक रसद और जरूरी सामान पहुंचाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।



**यूक्रेन पिछले चार साल से ज्यादा समय से रूस के हमले का सामना कर रहा है। इस लंबे युद्ध के दौरान यूक्रेन ने ड्रोन तकनीक में काफी महारत हासिल की है**

रूस ने अब तक यूक्रेन के लगभग 20 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इसमें क्रीमिया का इलाका भी शामिल है, जिसे रूस ने 2014 में अपने कब्जे में लिया था। हालांकि, इस जमीन को कब्जाने के लिए रूस को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने बताया कि इस युद्ध में अब तक करीब पांच लाख रूसी सैनिक मारे जा चुके हैं।

इन सबके बावजूद, लंबी दूरी की मिसाइलों के मामले में रूस अभी भी यूक्रेन से आगे है।

पिछले हफ्ते रूस ने कीव पर करीब 90 मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे थे। जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और वहां की संसद को पत्र लिखकर और ज्यादा हवाई सुरक्षा हथियारों की मांग की है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को पैट्रियट पीएसी-3 मिसाइलों की सख्त जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान युद्ध की वजह से अमेरिका से मिलने वाली मदद में कमी आ रही है, जो खतरनाक हो सकता है। कीव पर और बड़े हमलों का खतरा है, लेकिन विदेशी दूतावासों ने अभी शहर नहीं छोड़ा है।

# स्विस नागरिक ने ट्रेन स्टेशन पर किया चाकू से हमला, तीन घायल, पुलिस जांच जारी

**विंटरथुर।** स्विट्जरलैंड के विंटरथुर शहर में रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह एक युवक ने चाकू से हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी स्विस नागरिक को गिरफ्तार कर लिया है और हमले की वजह की जांच की जा रही है।




स्विट्जरलैंड के विंटरथुर शहर के एक ट्रेन स्टेशन पर एक व्यक्ति ने चाकू से हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एपी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

सुबह साढ़े आठ बजे हुआ हमला

ज्यूरिख क्षेत्रीय पुलिस ने बयान में कहा, यह हमला सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुआ। पुलिस के अनुसार, आरोपी (31 वर्षीय स्विस नागरिक) के हमले के पीछे की वजह की जांच की जा रही है। घायल हुए तीनों लोग स्विस नागरिक हैं, जिनकी उम्र 28, 43 और 52 वर्ष है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उनकी चोटें कितनी गंभीर हैं, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। विंटरथुर की आबादी करीब एक लाख 23 हजार है। यह शहर स्विट्जरलैंड के उत्तर-पूर्वी हिस्से में स्थित है और देश के सबसे बड़े शहर ज्यूरिख के पास है।

# अमेरिका में भारतीय नागरिक गिरफ्तार: बेसबॉल बैट से हमला करने का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिक धवल अमरतभाई पटेल को बेसबॉल बैट से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, मैसाचुसेट्स की एक शराब की दुकान में ग्राहक से विवाद के बाद उसने कथित तौर पर बेसबॉल बैट से हमला किया।

अमेरिका में अवैध रूप से दाखिल हुए एक भारतीय नागरिक को कथित तौर पर बेसबॉल बैट से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। धवल अमरतभाई पटेल को सबसे पहले 16 मई को मैसाचुसेट्स के वॉर्सेस्टर पुलिस विभाग ने गिरफ्तार किया था। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, जिस शराब की दुकान में पटेल काम करता था वहां एक ग्राहक के साथ उसकी बहस हो गई।

# सीजफायर के बीच ईरान पर दूसरा हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने बुधवार को ईरान के खिलाफ इस सप्ताह अपना दूसरा रक्षात्मक हमला किया। अधिकारियों ने ईरानी सेना की आक्रामक गतिविधि देखी थी। दो अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी सेना ने चार ईरानी ड्रोन मार गिराए। उन्होंने एक ऐसे अड्डे पर भी हमला किया जो पांचवां ड्रोन लॉन्च करने वाला था। अधिकारियों ने कहा कि ये ड्रोन होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान ?कमजोर स्थिति में बातचीत कर रहा है। उन्होंने जोर दिया कि नवंबर में होने वाले मध्यवर्ती चुनाव उन्हें जल्दबाजी में समझौता करने के लिए मजबूर नहीं करेंगे। यह संघर्ष लगभग तीन महीने पुराना है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में अशांति फैली है। मंत्रिमंडल की बैठक की शुरूआत में ट्रंप ने विश्वास व्यक्त किया कि एक समझौता करीब है।

# केन्या में दर्दनाक हादसा; गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल में लगी आग से 16 छात्राओं की मौत, 79 घायल

**केन्या।** केन्या के गिलगिल स्थित उटुमिशी गर्ल्स स्कूल में रात के समय लगी आग में 16 छात्राओं की मौत हो गई और 79 घायल हो गईं। हादसे की जांच जारी है।

केन्या से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां मध्य क्षेत्र के एक गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल में रात के समय लगी भीषण आग में 16 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 79 अन्य घायल हो गईं। सरकारी अधिकारियों के अनुसार यह हादसा गिलगिल इलाके में स्थित उटुमिशी गर्ल्स स्कूल में हुआ, जहां अचानक हॉस्टल में आग भड़क उठी। उस समय अधिकतर छात्राएं अपने कमरों में सो रही थीं, जिससे वे समय रहते बाहर नहीं निकल पाईं।

**हॉस्टल में फैली आग, बचाव कार्य जारी**

शिक्षा मंत्री जूलियस ओंगामा ने जानकारी दी कि हादसे के बाद राहत और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। स्कूल में 800 से अधिक छात्राएं पढ़ती हैं, जिससे घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

घटना के बाद स्कूल परिसर और आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजनों में अपने बच्चों की जानकारी को लेकर चिंता और शोक का माहौल है। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। जांच जारी है कि यह हादसा शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ या किसी अन्य वजह से।



### पहले भी हो चुके हैं ऐसे हादसे

केन्या में इससे पहले भी कई बार स्कूलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। 2001 में मचाकोस काउंटी में सबसे बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें 67 छात्रों की मौत हो गई थी। इसके अलावा 2024 और 2017 में भी ऐसे दर्दनाक मामले सामने आए थे। यह ताजा हादसा एक बार फिर स्कूल सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

# 'डोनाल्ड ट्रंप' नाम के भैंसे की कुबार्नी पर लगी रोक

**ढाका।** बांग्लादेश का भूरे रंग का एक भैंसा पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल इस भैंसे का नाम डोनाल्ड ट्रंप रखा गया है और अमेरिकी राष्ट्रपति की तरह इस भैंसे के बाल भी सुनहरे रंग के हैं। यही वजह है कि पूरे बांग्लादेश में यह भैंसा वायरल हो गया है।

बांग्लादेश में डोनाल्ड ट्रंप के नाम से मशहूर सफेद भैंसे की कुबार्नी पर रोक लग गई है। ईद के मौके पर इस भैंसे की कुबार्नी दी जानी थी। अब इस भैंसे को बांग्लादेश के राष्ट्रीय चिड़ियाघर भेजा जाएगा। भूरे रंग के इस भैंसे के सिर पर सुनहरे बालों का गुच्छा है, जिसके चलते इसकी तुलना अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के हेयर स्टाइल से की जा रही है। इस भैंसे को मजाक-मजाक में लोगों ने डोनाल्ड ट्रंप कहना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे यह भैंसा वायरल हो गया। सोशल मीडिया पर भी यह भैंसा खूब वायरल हो गया।

### बांग्लादेश के नेशनल जू में रहेगा भैंसा

भैंसे के मालिक ने मीडिया से बातचीत में बताया कि 'पुलिसकर्मी उसके घर आए थे, जिन्होंने बताया कि सरकार ने इस भैंसे की कुबार्नी पर रोक लगाने का फैसला किया है। हम सरकार के साथ कोई विवाद नहीं चाहते तो इसलिए हमने भैंसा उन्हें सौंपने का फैसला किया।' भैंसे के मालिक ने बताया कि उन्होंने कहा कि या तो वे उस भैंसे के बदले में पैसे देंगे या फिर दूसरा भैंसा दिया जाएगा। हालांकि बांग्लादेश सरकार या अधिकारियों की तरफ से ये नहीं बताया गया है कि भैंसे की कुबार्नी पर रोक क्यों लगाई गई। बांग्लादेश के राष्ट्रीय चिड़ियाघर के क्यूरेटर ने बताया कि इस भैंसे को चिड़ियाघर में रखा जाएगा, जहां उसकी देखभाल की जाएगी।



## बांग्लादेश सरकार ने भैंसे की कुबार्नी पर लगाई रोक

यह भैंसा एक दुर्लभ जेनेटिक बीमारी से ग्रस्त है, जिसमें जानवरों में मेलानिन नहीं होता और उनकी त्वचा का रंग भूरा-सफेद होता है। 700 किलो वजनी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और बड़ी संख्या में लोग इसे देखने और इसकी वीडियो बनाने आ रहे थे। इसके बाद बांग्लादेश सरकार का इस पर ध्यान गया। इस भैंसे की ईद उल अजहा पर कुबार्नी होनी थी, लेकिन बांग्लादेश सरकार ने इसकी कुबार्नी पर रोक लगा दी।

# गाजा में इस्राइल का बड़ा हमला, हमास के दो बड़े कमांडर ढेर

**गाजा पट्टी।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच इस्राइल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़ा सैन्य अभियान चलाते हुए दो वरिष्ठ आतंकियों को मार गिराने का दावा किया है। इस्राइली सेना ने कहा कि उत्तरी गाजा में किए गए हवाई हमलों में हमास के बड़े ऑपरेटिव निशाने पर थे। वहीं दूसरी ओर गाजा में आम नागरिकों के हताहत होने की खबरों ने एक बार फिर पूरे इलाके में तनाव बढ़ा दिया है। लगातार हो रहे हमलों और जवाबी कार्रवाई के बीच युद्ध और ज्यादा खतरनाक मोड़ पर पहुंचता दिखाई दे रहा है। इस्राइली रक्षा बल यानी आईडीएफ ने दावा किया है कि उसने गाजा में हमास की सैन्य शाखा के नए प्रमुख मोहम्मद ओदेह को मार गिराया है। इस्राइल के अनुसार ओदेह सात अक्टूबर 2023 के हमले की साजिश रचने वालों में शामिल था। इस्राइल का कहना है कि वह हमास के खुफिया नेटवर्क का प्रमुख भी रह चुका था और हाल ही में उसे संगठन की सैन्य कमान सौंपी गई थी। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि सात अक्टूबर के हमले में शामिल हर व्यक्ति को खत्म किया जाएगा।


**कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर, जनपद–गाजियाबाद।**

पत्रांकः 744/न0पा0परि0खो0म0/2026 — दिनांकः 28 मई, 2026

**–:: कुटेशन सूचना ::–**

प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग–1, लखनऊ के पत्र संख्या–3–1002/1/2021 दिनांक 13.04.2026 एवं जिलाधिकारी, गाजियाबाद के पत्र संख्या–256/सात–भूलेख/जन0–27/2025–26 दिनांक 30.04.2006 के द्वारा जनगणना प्रेषण संख्या–1 के प्रस्तर संख्या 05 में जनगणना 2027 के अन्तर्गत चार्ज स्तर पर जनगणना कार्य हेतु IT Infrastructure, POL/Hiring of Vehicle, Handling Charges(Contingency) मद में मिली धनराशि से नगर पालिका परिषद् खोड़ा–मकनपुर में आपूर्ति करायी जानी है। उक्त आपूर्ति हेतु अधिकृत ठेकेदार/इन्जीनीयरिंग फर्म से दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार दिनांक 30.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक कुटेशन आमंत्रित किये जाते है। कार्य/आपूर्ति निम्नवत् है।

**–:कार्य का विवरणः–**

| क्र0 सं0 | कार्य/आपूर्ति का नाम | कुटेशन/आगणन | मद |
|---|---|---|---|
| 01. | जनगणना 2027 हेतु 01 नग कलर प्रिंटर, 02 नग लैपटॉप की आपूर्ति।(दर प्रति नग) | कुटेशन | जनगणना धनराशि |
| 02. | जनगणना 2027 हेतु 01 नग बोलेरो गाड़ी किराये(दर प्रतिमाह) की आपूर्ति। | कुटेशन | जनगणना धनराशि |
| 03. | जनगणना 2027 हेतु 01 नग मेज, 04 नग कुर्सी, 01 नग अलमारी, (दर प्रति नग) व प्रचार–प्रसार हेतु बैनर (दर प्रति वर्ग फुट) की आपूर्ति। | कुटेशन | जनगणना धनराशि |
| 04 | जनगणना–2027 बुकलेट (ऑफलाईन डेटा संग्रह प्रपत्र) | कुटेशन | जनगणना धनराशि |

1–उपरोक्तानुसार कार्यो हेतु दिनांक–30.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक कुटेशन सार्वजनिक आमंत्रित किये जाते है, जो तद्दिनांक को समय सायं 4.00 बजे कुटेशनदाताओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरीगण द्वारा खोली जायेगी। कुटेशनदाता चाहें तो कुटेशन खोलते समय उपस्थित रह सकते है। यदि किसी कारणवश सक्षम स्तर के अधिकारी उस दिन उपस्थित नही रहते है तो किसी अन्य कार्य दिवस में भी कुटेशन खोले जा सकते है।

2–इच्छुक अधिकृत ठेकेदार/इन्जीनीयरिंग फर्म प्रस्तावित कार्य का अवलोकन कर अपनी–अपनी कुटेशन/दरें स्वंय उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

3–समय उपरान्त प्राप्त कुटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा किसी भी कुटेशन को अमान्य किये जाने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरीगण में निहित होगा।

4–कुटेशन स्वीकृत के उपरान्त 100/–रू0 नॉन ज्यूडिषियल स्टाम्प/ई–स्टाम्प अनुबन्ध हेतु जमा करना होगा।

5–कुटेशनदाता/फर्म का जी.एस.टी. में पंजीकरण अनिवार्य है। जी.एस.टी. के अर्न्तगत आने वाली समस्त कटौतियाँ ठेकेदार/फर्म के बिल से नियमानुसार सम्बन्धित शासनादेशों के अनुसार की जायेगी।

6–कुटेशन के साथ संलग्न अभिलेखों के फर्जी या गलत पाये जाने पर कुटेशन निरस्त कर दिया जायेगा तथा सम्बधिन्त फर्म/ठेकेदार को संविदा काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा।

7–ऐसे कुटेशनदाता जिनका अपराधिक रिकार्ड है, वह कुटेशन प्रक्रिया में भागीदार नहीं कर सकेंगें।

8–सशर्त कुटेशन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

9–कुटेशन के संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेंत्राधिकारी जनपद गाजियाबाद होगा।

10–अन्य जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर से कार्य समय एवं दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

(श्री नवनीत गुप्ता)
अवर अभियन्ता जलकल
न0पा0परि0 खोड़ा–मकनपुर
गाजियाबाद।

(डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह)
चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी
न0पा0परि0 खोड़ा–मकनपुर
गाजियाबाद।

तहसीलदार
सदर, गाजियाबाद।

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# गौर सिटी बिजनेस पार्क में भीषण आग

## 12 दमकल गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

### मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल बोले सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा, कोई जनहानि नहीं





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम स्थित गौर बिजनेस पार्क में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग बिल्डिंग के एलिवेशन में लगी, जिसने देखते ही देखते लकड़ी और केबल के सहारे विकराल रूप ले लिया। आग की वजह से पूरी बहुमंजिला इमारत धुएं से भर गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग ने युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

राहत की बात रही कि इस अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के अनुसार, कमिश्नरेट गाजियाबाद गौर बिजनेस पार्क इंदिरापुरम, आधारशिला पब्लिक स्कूल वसुंधरा के सामने एक मकान के मीटर रूम तथा खोड़ा क्षेत्र में दुकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही तत्काल तीन टीमें गठित कर अलग-अलग घटनास्थलों के लिए फायर यूनिट रवाना की गईं।

सीएफओ राहुल पाल और प्रभारी अग्निशमन अधिकारी वैशाली फायर टेंडर्स के साथ गौर बिजनेस पार्क पहुंचे। मौके पर देखा गया कि अभयखंड-2 स्थित गौर बिजनेस पार्क के बाहरी एलिवेशन में लगी आग तेजी से ऊपर तक फैल चुकी थी।

बिल्डिंग में नीचे व्यावसायिक प्रतिष्ठान और ऊपर कार्यालय संचालित थे, जिसके चलते धुआं पूरे परिसर में फैल गया था। दमकल कर्मियों ने तुरंत होज पाइप लाइनें बिछाकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। कई ऑफिस बंद होने के कारण टीमों को लॉक काटकर अंदर प्रवेश करना पड़ा। वहीं एक टीम ने बीए सेट पहनकर पीछे की दीवार तोड़ते हुए अंदर पहुंचकर आग बुझाई, जबकि अन्य टीमें फायर टेंडरों पर चढ़कर ऊपरी हिस्सों में लगी आग को नियंत्रित करने में जुटीं। आग की गंभीरता को देखते हुए फायर स्टेशन कोतवाली और साहिबाबाद से अतिरिक्त दमकल गाड़ियां एवं अधिकारी मौके पर बुलाए गए। साथ ही गौतमबुद्ध नगर से वाटर बाउजर और आर्टिकुलेटिंग टावर भी मंगाए गए।

कुल 12 दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई, समन्वय और सूझबूझ के चलते बड़ा हादसा टल गया। समय रहते सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## महिला सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर यशोदा हॉस्पिटल में डॉक्टर-पुलिस संवाद



**गाजियाबाद करंट क्राइम ।** गाजियाबाद। थाना सिहानीगेट क्षेत्र स्थित यशोदा हॉस्पिटल में गुरुवार को सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा डॉक्टर-पुलिस संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हॉस्पिटल की महिला डॉक्टरों, नर्सों



एवं अन्य महिला स्टाफ को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को साइबर अपराध, महिला हेल्पलाइन, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और सोशल मीडिया अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला डॉक्टरों की टीम ने महिला पुलिसकर्मियों को महिलाओं के स्वास्थ्य, मानसिक तनाव, कार्यस्थल पर स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं नियमित जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी।

एसीपी घंटाघर कोतवाली ने कहा कि पुलिस और समाज के बीच बेहतर समन्वय से महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता को और मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम में मौजूद महिला स्टाफ ने इस पहल की सराहना की।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उठ रहा है अब नगर निगम के उस वार्ड में चुनाव होने का धुंआ? जिस वार्ड में लड्डू वाले प्रकरण के बाद हो गया था जगत जी का निधन? कहने वाले ने कहा कि जो होना था वो हुआ लेकिन अब शुरू की जाये वार्ड में चुनाव की प्रक्रिया? अगर हो जाये निगम से एलान? तो दावेदार करें अपनी दावेदारी का एलान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पार्षदों में क्यों उठ रहा है जनप्रतिनिधियों से लेकर संगठन के प्रति एक रोष? किस पार्षद ने कहा हम पहुंच गये अस्पताल, मगर उनसे अस्पताल आना तो दूर फोन पर भी पूछा ना गया हमारा हाल? पार्षद की खुली जुबान और कहा संगठन वाले भी कम नही है हुजूर? रैली में हमें बस का टारगेट देंगे और हर काम में कहेंगे आना है जरूर? लेकिन हम बिमार हुए तो खैरियत भी नहीं पूछी गयी हमारी? क्या संगठन वालों की नहीं है हमारे प्रति कोई जिम्मेदारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदियापार के एक पूर्व मंडल प्रधान ने कर लिया है पार्टी के कार्यक्रमों से खुद को दूर? उन्होंने कह दिया कि मुझे किया है उन्होंने इग्नोर, तो मैं भी हो गया हूं मजबूर? पूर्व मंडल प्रधान ने कहा कि हमने खुद को कर लिया है सियासी रूप से स्टे होम? वर्तमान वाले संभाले अब इस कमान को? हमें कहीं एडजस्ट ही नहीं किया तो हम भी अब नहीं कर रहे उनके साथ खुद को एडजस्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पार्षद एसोसिएशन ग्रुप हो गया अपने आप ही कूल? कहने वाले ने कहा कि कभी इस ग्रुप पर लगते थे विरोध के नारे और शब्द उगलते थे अंगारे? ग्रुप से जुड़े एक पार्षद ने ही किया इस बात को कबूल? आधे पार्षद चले गये अफसर के पाले में? और आधो ने कर लिया बड़ी वाली मैडम का ग्रुप ज्वाईन? अब इस ग्रुप को बंद कर दिया जाये तो रहेगा ये फाईन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदियापार के उस वार्ड में सुलग उठी है इग्नोर करने वाली आग? कहने वाले ने कहा कि हमें तो समझ में नहीं आता, किस आधार पर दे दी गयी उन चौधरी को ये जिम्मेदारी? जिनकी मैडम ने भाजपा के खिलाफ लड़ा था चुनाव? उन्हें ही बना दिया गया सैक्टर का प्रभारी? कहने वाले ने कहा कि जो भाजपा को हराने के लिए लड़े वो संगठन को काम के नजर आये? हमने भाजपा की तरफ से वार्ड में चुनावी जंग लड़ी और उन्हें हम ही कहीं से कहीं तक नजर नहीं आये?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बजरिया वाले वार्ड में उठ रही है अब बिल्लू पार्षद के इस्तीफे को लेकर आवाज? मौहल्ले वाले नव भाजपाई ने पूछा अगर हो गया है बिल्लू का इस्तीफा मंजूर तो उन्हें किया जाये पार्षदी से आजाद? वार्ड में की जाये चुनाव की मुनादी तो हम भी निकलें चुनाव के लिए श्रीमान? कहने वाले ने कहा कि इस्तीफे को लेकर ना रखा जाये कोई इतना डाउट? वो निर्दलीय पार्षद थे, और अगर इस्तीफा हो गया है मंजूर तो किया जाये उन्हें निगम से आउट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदियापार में किस पूर्व महिला पार्षद के पति को ढूंढ रहा है टैंट वाला? कहने वाले ने कहा कि पूर्व पार्षद के पति ने कराई थी एक कार्यशाला? सुना है टैंट वाले का बिल नहीं दिया और टैंट वाला कर रहा है तकाजा? टैंट वाले ने कहा कि अब मुझे जाना ही पड़ेगा नदिया के उस पार? मैं पहुंच जाउंगा भगवा दफ्तर में भगवा योद्धा के द्वार? कृपया चुकाया जाये मेरा टैंट वाला उधार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शहर के उस वार्ड में हम नही होने देंगे उपचुनाव में भी पार्षदी का टिकट रिपीट? नवभाजपाई ने कहा कि क्या फायदा उन्हें रिपीट करने का जो लहर में भी हो गये बिना दल वाले से बीट? कहने वाले ने कहा कि जैन परिवार को भी हम आने नहीं देंगे टिकट के करीब? उन्होंने तो एन चुनाव के वक्त दिखाया था कैसे होते हैं रकीब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सोशल मीडिया पर शोले उगल रहा कौन नेता? रोज रहता है एक महामंत्री के ही करीब? कहने वाले ने कहा कि महामंत्री को ही खुद बना लेनी चाहिए अध्यक्ष के खिलाफ विष उगलने वाले ऐसे व्यक्ति से दूरी? क्या वो उन्हें अपने पास से हटाना नहीं चाहते या ऐसे व्यक्ति को बिठाना है महामंत्री की कोई व्यक्तिगत मजबूरी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नामित पार्षदों की हैल्थ का भी करना चाहिए निर्वाचित पार्षदों को ध्यान? दस लाख रूपये के इंश्योरेंस वाली मांग में लिया जाना चाहिए नामित पार्षदों का भी नाम? नामित पार्षदों के लिए भी होनी चाहिए 25 करोड़ वाले फंड में हिस्सेदारी? ऐसा सुनिश्चित कराना होना चाहिए निर्वाचित पार्षदों की जिम्मेदारी? क्या बोर्ड बैठक में जब रखा जायेगा प्रस्ताव तो उसमें शामिल होंगे दस नामित पार्षदों के भी नाम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## यू-ट्यूब विज्ञापन के जरिए ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर युवक से 85 लाख की साइबर ठगी की



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर एक युवक से 85 लाख 38 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। मुरादनगर निवासी शैलेंद्र प्रताप सिंह इस ठगी का शिकार हुए। उन्हें यूट्यूब पर शेयर मार्केट ट्रेडिंग से जुड़ा एक विज्ञापन दिखा था, जिसमें कम समय में भारी मुनाफा कमाने का दावा किया गया था। विज्ञापन देखने के बाद पीड़ित ने दिए गए लिंक पर क्लिक किया। इसके बाद कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया और खुद को ट्रेडिंग एक्सपर्ट बताकर बातचीत शुरू कर दी। ठगों ने खुद को रएइक से जुड़ा बताते हुए फर्जी लाइसेंस और कंपनी के दस्तावेज दिखाकर शैलेंद्र का भरोसा जीता।

शैलेंद्र प्रताप सिंह को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां शेयर बाजार में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें एक ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड कराया गया और अकस्टॉक, ब्लॉक डील, IPO तथा FPO जैसे विभिन्न निवेश विकल्पों में पैसा लगाने का लालच दिया गया। खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर शुरूआत में पीड़ित को ऐप पर अच्छा मुनाफा दिखाया गया, जिससे उसका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद ठगों ने अलग-अलग तारीखों में कई बैंक खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर करवाए। धीरे-धीरे पीड़ित से कुल 85 लाख 38 हजार रुपये की रकम विभिन्न खातों में जमा करा ली गई।

जब शैलेंद्र प्रताप सिंह को ठगी का शक हुआ, तो उन्होंने संबंधित कंपनी और अन्य माध्यमों से जानकारी जुटाई।

# पुलिस कमिश्नरेट में बड़ा फेरबदल 661 उपनिरीक्षकों को मिली नई तैनाती

**तबादला**

**अब चेन स्नैचिंग और चोरी रोकने के लिए बनेगा विशेष एक्शन प्लान**
**खाली घरों पर रहेगी खाकी की नजर**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हाल ही में हुए बड़े स्तर के तबादलों के बाद अब उपनिरीक्षकों को थाना और चौकी स्तर पर नई तैनाती दे दी गई है। सिटी और ट्रांस हिंडन जोन में कुल 661 उपनिरीक्षकों को अलग-अलग थानों और चौकियों में भेजा गया है।



इनमें 280 उपनिरीक्षक ट्रांस हिंडन जोन में जबकि 381 उपनिरीक्षक सिटी जोन में तैनात किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ग्रामीण जोन में तैनाती के लिए भी सूची तैयार की जा रही है और जल्द ही वहां भी उपनिरीक्षकों को रवाना किया जाएगा। लंबे समय बाद इतने बड़े स्तर पर हुए फेरबदल को पुलिस व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना

### अपराध नियंत्रण पर रहेगा फोकस : डीसीपी



करंट क्राइम : तैनाती प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब पुलिस कमिश्नरेट स्तर पर अपराध नियंत्रण को लेकर नई रणनीति तैयार की जा रही है। खासतौर पर चेन स्नैचिंग, चोरी और सुनसान इलाकों में होने वाली वारदातों पर रोक लगाने के लिए व्यापक प्लान बनाया जा रहा है। डीसीपी धवल जयसवाल का मानना है कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने गृह जनपदों और पहाड़ी क्षेत्रों में घूमने निकल जाते हैं। ऐसे में कई सोसाइटियां और मकान खाली हो जाते हैं, जिन पर चोर गिरोह नजर रखते हैं। इसी को देखते हुए पुलिस अब खाली घरों और संवेदनशील इलाकों की निगरानी बढ़ाने की तैयारी में है।

### बढ़ेगी गश्त, संवेदनशील पॉइंट होंगे चिन्हित

करंट क्राइम : पुलिस जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में रात की गश्त बढ़ाई जाएगी और ऐसे मार्गों को चिन्हित किया जाएगा जहां चेन स्नैचिंग और लूट की घटनाएं अधिक होती हैं। पुलिस बीट व्यवस्था को भी मजबूत करेगी ताकि स्थानीय स्तर पर निगरानी बेहतर हो सके। पुलिस कमिश्नरेट का मानना है कि नए सिरे से की गई तैनाती से थानों और चौकियों में कार्यक्षमता बढ़ेगी और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाने में मदद मिलेगी।

## द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस टेबल टेनिस में यूपी पुलिस टीम का जलवा, झटके 12 पदक



**सहिबावद (करंट क्राइम)।** द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस टेबल टेनिस प्रतियोगिता में यूपी पुलिस की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 12 पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। टीम के खिलाड़ियों ने मुख्य कोच निकिता कुमार के निर्देशन में मकनपुर स्थित क्रेडो टेबल टेनिस अकादमी में कड़ी मेहनत की थी। प्रतियोगिता से पहले पूर्व डीजीपी डी.एस. चौहान ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने अनुशासन और समर्पण के साथ खेलने की प्रेरणा दी। खिलाड़ियों ने उनकी प्रेरणा को सफलता का आधार बताया।

टीम के अधिकांश खिलाड़ी स्पोर्ट्स कोटे से कांस्टेबल भर्ती हुए थे। कोच निकिता कुमार के मार्गदर्शन और निरंतर प्रदर्शन के दम पर कई खिलाड़ी अब हेड कांस्टेबल और सब इंस्पेक्टर बन चुके हैं। इस उपलब्धि से उनके प्रमोशन की संभावना भी बढ़ी है। 7 सदस्यीय टीम में 6 खिलाड़ियों ने पदक जीते। सृष्टि ने 2 स्वर्ण और 2 रजत, विशाल ने 1 स्वर्ण और 2 कांस्य, रानी ने 1 स्वर्ण और 2 कांस्य, आलोक ने 1 रजत, विशाराम ने 1 कांस्य और प्रियंका ने 1 स्वर्ण पदक हासिल किया।

सफलता के बाद टीम ने पूर्व डीजीपी डी.एस. चौहान से मिलकर पदक समर्पित किए। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद कपिल त्यागी भी मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों और कोच को बधाई दी। इस मौके पर पूर्व पार्षद कपिल त्यागी भी टीम के साथ मौजूद रहे।

कपिल त्यागी ने टीम की शुरूआत से ही खिलाड़ियों का सहयोग एवं समर्थन किया और खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और कोच निकिता कुमार सहित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं। यूपी पुलिस टेबल टेनिस टीम की इस सफलता से पुलिस विभाग और गाजियाबाद के खेल जगत में हर्ष का माहौल है।

## गाजियाबाद टैक्स बार एसोसिएशन चुनाव संपन्न

### सीए स्वाति जिंदल अध्यक्ष और सीए गुलशन थापर बने सचिव



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद टैक्स बार एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के वार्षिक चुनाव राज नगर स्थित होटल 'टूनाइट' में बेहद सौहार्दपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुए। इस बार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों का चुनाव बिना किसी विरोध के, सर्वसम्मति से किया गया, जो सदस्यों के बीच आपसी तालमेल और एकता को दर्शाता है। चुनाव परिणामों के अनुसार, सीए स्वाति जिंदल को आगामी सत्र 2026-27 के लिए एसोसिएशन का नया अध्यक्ष चुना गया है। वहीं, सीए गुलशन थापर को सचिव पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे काम : सीए स्वाति जिंदल





नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए स्वाति जिंदल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं सभी सम्मानित सदस्यों को आश्वस्त करती हूँ कि मैं पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ संस्था के हितों के लिए कार्य करूँगी। टैक्स प्रोफेशनल्स की समस्याओं का समाधान और एसोसिएशन का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकारिणी के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि पूरी टीम मिलकर एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। चुनाव संपन्न होने पर बार के वरिष्ठ सदस्यों और कर अधिवक्ताओं ने नई टीम को माला पहनाकर स्वागत किया और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पूर्व पार्षद मोहम्मद कल्लन ने कार्यालय पर धूमधाम से मनाई ईद, लोगों ने दी एक दूसरे को मुबारकबाद



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर वार्ड 34 के पूर्व पार्षद मोहम्मद कल्लन ने अपने कार्यालय पर धूमधाम से ईद का त्योहार मनाया। ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद बड़ी संख्या में लोग उनके कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों, सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। पूर्व पार्षद मोहम्मद करनाल ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार भाईचारे, प्रेम और एकता का संदेश देता है। हमें मिलजुल कर रहना चाहिए और समाज में अमन चैन कायम रखना चाहिए।



कार्यक्रम में आए लोगों के लिए सेवई, खजूर और मिठाइयों का इंतजाम किया गया था। बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने देश में सुख शांति और तरक्की की दुआ मांगी। मोहम्मद कल्लन ने कहा कि ईद का पर्व हमें गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देता है। हमें अपने आसपास के लोगों का ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## निवेश के नाम पर 18 लाख रुपये हड़पे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नंदग्राम थानाक्षेत्र में निवेश के नाम पर 18 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। नंदग्राम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोरटा की मिडोज विस्टा सोसाइटी में रहने वाले अमित शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनकी पहचान लोमेश कसाना नामक व्यक्ति से हुई थी। लोमेश की एक डेयरी थी। आरोप है कि लोमेश ने निवेश पर अच्छा लाभ दिलाने का भरोसा देकर उन्हें अपने विश्वास में ले लिया। आरोपी ने अलग-अलग माध्यमों से उनसे करीब 18 लाख रुपये ले लिए। इनमें से लगभग 13 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए पांच माह के भीतर ट्रांसफर किए गए।

इसके अलावा पांच लाख रुपये नगद 26 मई 2025 को राजनगर एक्सटेंशन स्थित एक रेस्तरां में दिए गए। रकम लेने के बाद आरोपी ने रुपये लौटाना बंद कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी लोमेश कसाना और उसकी पत्नी पूनम ठाकुर के मोबाइल चालू हैं, लेकिन दोनों संपर्क से बाहर हैं। आरोप है कि शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पुलिस आयुक्त से रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई।

एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद का कहना है कि आरोपी लोमेश कसाना मूलरूप से थाना हाफिजपुर जिला हापुड़ के गांव रामपुर का रहने वाला है और वर्तमान में वह करावल नगर दिल्ली के अंबिका बिहार में रहता है। उसके खिलाफ 27 मई को मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## पुलिस ने मथुरा के दो आरोपी पकड़े

### धोखाधड़ी मामले में वांछित, ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत सामान बरामद



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक चिप, चार माल पर्चियां और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद की गई हैं। यह गिरफ्तारी जनपद में अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ देहात पुलिस को मिली सफलता का हिस्सा है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मथुरा निवासी गोपाल पुत्र हरवीर और योगेश पुत्र लालसिंह के रूप में हुई है। ये दोनों आरोपी लंबे समय से पुलिस की निगरानी में थे और धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे थे। थाना हापुड़ देहात पुलिस ने एक विशेष अभियान के दौरान इन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं, जिनके आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

बरामद ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य सामान को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। हापुड़ पुलिस ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चोरों का आतंक, दो घरों में चोरी, सात बाइक और एक बोलेरो जीप को बनाया निशाना



**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में सक्रिय चोरों ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग इलाकों में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया। बदमाशों ने दो घरों का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात, नकदी, लैपटॉप और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा सात लोगों की मोटरसाइकिल और एक महिंद्रा बोलेरो जीप भी चोरी कर ली गई। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-118 स्थित सुपरटेक सोसायटी निवासी देवेंद्र कुमार ने थाना सेक्टर-113 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल बेचने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन डाला था। एक व्यक्ति बाइक देखने के लिए आया और टेस्ट ड्राइव के बहाने मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। घटना उस समय हुई जब पीड़ित घर पर नहीं थे और उनके मित्र ने बाइक दिखाई थी।

दनकौर थाना क्षेत्र के प्रेम पुरी कस्बे निवासी ललित कुमार ने शिकायत दी कि दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास स्थित एक होटल पर खाना खाने के दौरान उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। वहीं, जेवर थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर कस्बे निवासी कुलबीर सिंह ने घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में विकास अग्रवाल की महिंद्रा बोलेरो जीप ऑफिस के बाहर से चोरी कर ली गई। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।